हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 | नागपुर, रविवार, 9 फरवरी 2025 | अंक 118/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-



शिवशंकर आयुर्वेदिक

क्या आप जोडे के दर्द से परेशान हो ?

•जोडों का दर्द • गठियावात • सन्धिशोध • सरवाइकल पेन

पर Dr. B.A.M.S., M.D. अनुभवी चिकित्सक द्वारा चिकित्सा उपचार किया जाता है।

तथा दमा, अस्थमा, एलर्जी / सभी प्रकार के वात रोग/ लखवा/ स्त्रिरोग/ पुरूष के शुक्राणू दोष/ निसंतान/ किडनी स्टोन/ डायबिटीज से परेशान/ वेट लॉस/ वेट गेन/पिंपल्स/ फ्रेअरनेस/ स्किन प्रॉब्लेम/ पाईल्स/ एवं अन्य बिमारीयों पर भी उपचार किया जाता है।

नागपूर का भव्य शोरूम महाजन मार्केट के पास, टेम्पल बाजार, सिताबर्डी, नागपूर.

फोन 9112079000 / 8605245080

आयुर्वेदिक दवाईया तथा जडीबुटीयों का विशाल भंडार

# दिल्ली में खिला 'कमल'

## 'झाड़ू' के बिखरे तिनके, जीत के जश्न में डूबी भाजपा, दिल्ली चुनाव में रच दिया इतिहास, 27 साल बाद बनेगी सरकार

**नई दिल्ली.**

दिल्ली विधानसभा चुनाव में बीजेपी की प्रचंड जीत हुई है. वहीं, आम आदमी पार्टी ध्वस्त हो गई है. राष्ट्रीय राजधानी की सभी 70 विधानसभा सीटों पर 5 फरवरी को वोट डाले गए थे. दिल्ली में 60.54 प्रतिशत मतदान हुआ था, जो 2020 की तुलना में लगभग 2.5 प्रतिशत कम है.

दिल्ली में 'झाड़ू' का तिनका बिखर गया है। आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया जैसे दिग्गज चुनाव हार चुके हैं। वहीं भारतीय जनता पार्टी के खेमे में चारों तरफ खुशी की लहर है। रुझानों/नतीजों में भारतीय जनता पार्टी के खाते में 48सीटें हैं जबकि आम आदमी पार्टी 22सीटों पर दबदबा बनाए हुए है। वहीं कांग्रेस इस बार भी शून्य पर टिकी हुई है। पिछले चुनाव में अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी ने 70 में से 62 सीटें जीती थीं, जबकि भाजपा को आठ सीटें मिली

**बोलीं- 'लोग तंग आ चुके थे' : प्रियंका गांधी**

दिल्ली विधानसभा चुनाव के परिणाम पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा- " "मुझे लगता है कि दिल्ली में हमारी सभी बैठकों और जिन लोगों से मैं मिल रही थी, उन सबसे यह बहुत स्पष्ट था कि लोग बदलाव चाहते थे और वे उन चीजों से तंग आ चुके थे। उन्होंने बदलाव के लिए वोट दिया है, जो जीतें उन्हें बधाई। हमें और अधिक मेहनत करनी होगी, हम लोगों के मुद्दे उठाते रहेंगे।"

**केजरीवाल ने हार के बाद क्या कहा?**

अरविंद केजरीवाल ने बीजेपी को जीत की बधाई दी और जनादेश को स्वीकार किया है। इसके साथ ही दिल्ली के लोगों की उम्मीदें पूरी होने की उम्मीद लगाई। केजरीवाल ने कहा कि वह राजनीति में सत्ता के लिए नहीं आए हैं। उनकी पार्टी का मानना है कि राजनीति लेकसेवा का एक जरिया है और सत्ता से बाहर रहकर भी आम आदमी पार्टी लोगों की सेवा कर सकती है।

केजरीवाल ने अंत आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा "आपने बहुत अच्छा चुनाव लड़ा। आपको इस दौरान बहुत कुछ सहना पड़ा, लेकिन आपने पूरे मेहनत के साथ अच्छा चुनाव लड़ा। इसके लिए बधाई।"



| दिल्ली रिजल्ट | |
|---|---|
| बीजेपी | 48 |
| आप | 22 |
| कांग्रेस | 0 |
| अन्य | 0 |

### 'लड़ाई जारी रहेगी': राहुल गांधी

'दिल्ली का जनादेश हम विनम्रता से स्वीकार करते हैं। प्रदेश के सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को उनके समर्पण और सभी मतदाताओं को उनके समर्थन के लिए दिल से धन्यवाद। प्रदूषण, महंगाई और भ्रष्टाचार के विरुद्ध - दिल्ली की प्रगति और दिल्लीवासियों के अधिकारों की यह लड़ाई जारी रहेगी।"

## भाजपा के खिलाफ जंग चलती रहेगी: आतिशी

दिल्ली विधानसभा चुनाव के रिजल्ट में आम आदमी पार्टी की हार पर आतिशी ने कहा- "मुझ पर भरोसा दिखाने के लिए मैं कालकाजी के लोगों को धन्यवाद देती हूं। मैं अपनी टीम को बधाई देती हूं जिन्होंने 'बाहुबल' गुंडागर्दी, मारपिटाई का सामना करते हुए जमीनी स्तर पर मेहनत की और जनता के पास पहुंचे। यह दिल्ली की जनता का जनादेश है और मैं जनादेश स्वीकार करती हूं।"



**आतिशी ने कहा-** "मैं अपनी सीट जीत गई हूं लेकिन यह जश्न मनाने का समय नहीं है। बीजेपी के खिलाफ जंग जारी रहेगी। आम आदमी पार्टी हमेशा गलत के खिलाफ लड़ती आई है और लड़ती रहेगी। ये जरूर एक झटका है लेकिन आम आदमी पार्टी का संघर्ष दिल्ली और देश के लोगों के लिए भी खत्म नहीं होगा।"

**आतिशी चुनाव जीतीं :** दिल्ली की निवर्तमान मुख्यमंत्री आतिशी ने कालकाजी सीट से जीत हासिल की है। उन्होंने भाजपा के रमेश बिधूड़ी को हराया है। आतिशी को कुल 52154 वोट मिले और उन्होंने 3521 वोटों से चुनाव जीता। भाजपा के रमेश बिधूड़ी को 48633 वोट मिले। वहीं, कांग्रेस की अलका लांबा 4392 वोटों के साथ तीसरे नंबर पर रहीं।


**कांग्रेस, बीजेपी को जिताने में लगी हुई थी- रामगोपाल**

दिल्ली विधानसभा चुनाव नतीजों को लेकर समाजवादी पार्टी के सांसद रामगोपाल यादव ने कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि भाजपा को ज्यादा खुश नहीं होना चाहिए। कांग्रेस भाजपा को जिताने में लगी हुई थी और आम आदमी पार्टी को हराने में लगी हुई थी।

## कांग्रेस ने दिल्ली में जीरो की डबल हैट्रिक लगाई: प्रधानमंत्री मोदी

### > सहयोगियों की जमीन खाने में जुटी है...

**नई दिल्ली.**



दिल्ली विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर बार की तरह इस बार भी बीजेपी मुख्यालय पहुंचे. जहां, उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के साथ-साथ कांग्रेस पर भी जमकर हमला बोला. पीएम मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार के हर तार की जांच होगी. जिसने दिल्ली को लूटा है उसे लौटाना पड़ेगा. विधानसभा के पहले सत्र में सीएजी की रिपोर्ट पेश की जाएगी. आज जनता ने फिर एक बार कांग्रेस को बड़ा संदेश दिया है. दिल्ली के चुनाव में कांग्रेस में जीरो की डबल हैट्रिक लगाई है.

देश की राजधानी में देश की सबसे पुरानी पार्टी का लगातार दिल्ली 6 बार से खाता नहीं खुला है. इनके लोग पराजय का गोल्ड मेडल लेकर घूम रहे हैं. कांग्रेस परजीवी पार्टी है जिसके साथ होती है उसे ले डूबती है. उसने अपने साथियों को भी ले डूबा है. आज की कांग्रेस अपने संयोगों की जो भाषा है, जो उनके एजेंडा है उनको चुराने में लगी हुई है. ये अपने सहयोगियों के मुद्दे चुराती है और फिर उनके वोट बैंक में सेंध लगाती है.

**राज्यों की पार्टियों पर है कांग्रेस की नजर, बोले पीएम**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ये राज्यों की जो पार्टियां हैं अब कांग्रेस की नजरें उन पर हैं. साथियों इंडिया गठबंधन के दल अब कांग्रेस के कैरेक्टर को समझने लगे हैं. सहयोगी दलों ये समझने लगे हैं कि जिस वोटबैंक से वो जीत रहे हैं कांग्रेस उसे वापस लेने में जुट गई है. दिल्ली में भी यह देखने को मिला है. दिल्ली चुनाव में पूरा इंडिया गठबंधन कांग्रेस के खिलाफ मैदान में उतरा था. वो कांग्रेस को तो रोकने में सफल रहे, लेकिन आपदा को बचाने में कामयाब नहीं रहे. आज कांग्रेस वो कांग्रेस नहीं है जो आजादी के आंदोलन के समय थी. उन्होंने आगे कहा कि आज की कांग्रेस देशहित की नहीं अर्बन नक्सलियों की राजनीति कर रही है. कांग्रेस के नेता जब कहते हैं कि वो भारत से लड़ रहे हैं, ये नक्सलियों की भाषा है. ये समाज में देश में अराजकता लाने की भाषा है. यहां दिल्ली में तो आपदा भी उसी अर्बन नक्सली सोच को आगे बढ़ा रही थी. कांग्रेस की अर्बन नक्सली सोच राष्ट्र की उपलब्धियों पर अटैक करती है. जब कांग्रेस में अर्बन नक्सलियों का डीएनए घुस गया है इसलिए यह कदम पर बर्बाद हो रही है. आज मैं दिल्ली से देश के नौजवानों से अपना एक आग्रह दोहराना चाहता हूं. मैंने 1 लाख नौजवानों को राजनीति में आगे आने के लिए कहा है.

### कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे... बोले पीएम

प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि हम कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे. हम मिलकर दिल्ली को विकसित भारत की राजधानी बनाएंगे. मैंने हमेशा जिस मंत्र को जिया हूं वो है हमें जब-जब विजय मिले अपने नम्रता को कभी छोड़ना नहीं है. अपने विवेक को कभी छोड़ना नहीं है. हम सत्ता सुख के लिए नहीं, हम सेवा भाव से आए हुए लोग हैं. हम अपना समय सत्ता सुख में बर्बाद नहीं करेंगे बल्कि इस अवसर को सेवा के लिए खपा देंगे. इस संकल्प के साथ हम आगे बढ़ें, दिल्ली-एनसीआर के विकास के जो सपने संजोये हैं उसे पूरा करने के लिए आगे बढ़ें. पीएम ने कहा कि देश को नए आइडिया और नए ऊर्जा की जरूरत है. अगर अच्छे नौजवान, बेटे-बेटियां राजनीति में नहीं आएंगे तो ऐसे लोग राजनीति पर कब्जा कर लेंगे जिन्हें राजनीति में नहीं आना चाहिए. सफलता-असफलता अपनी जगह है, लेकिन देश को धूर्तता और मूर्खता की राजनीति नहीं चाहिए. देश का तेजस्वी युवा अगर राजनीति में नहीं आएगा तो देश धूर्तता और मूर्खता की राजनीति में फंस जाएगा. विकसित भारत बनाने के लिए हमें नयापन लाना है. हमारी ये विजय नई जिम्मेदारी लेकर आई है. बीजेपी रिफॉर्म और परफॉर्म की गारंटी देती है. इसमें हर दिल्लीवासी जुड़ जाएगा तो ट्रांसफॉर्मेशन और तेज गति से आएगा.

## दिल्ली चुनाव में चर्चित चेहरों को मिली हार

### अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया हारे

**नई दिल्ली.**

दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के परिणाम आ चुके हैं। 48 सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की है। वहीं 22 सीटों पर आम आदमी पार्टी ने जीत दर्ज की। आम आदमी पार्टी और भाजपा के बीच जोरदार मुकाबला देखने को मिला, लेकिन अंततः भाजपा ने जीत दर्ज कर ली है। इस बीच दिल्ली विधानसभा चुनाव में कई ऐसे चर्चित चेहरे थें या यूं कहें कि कई हॉट सीटें ऐसी थीं जिनपर सभी की निगाहें टिकी हुई थी। इन सीटों पर होने वाले चुनाव में कई चर्चित चेहरों का हार का सामना करना पड़ा है। ऐसे में चलिए हम आपको बताते हैं कि दिल्ली में किन चर्चित चेहरों को हार का सामना करना पड़ा है।

**हार गए ये चर्चित चेहरे**

सबसे पहले बात करते हैं नई दिल्ली विधानसभा सीट की। इस सीट से भाजपा के प्रवेश वर्मा ने जीत दर्ज



की है, जबकि आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार अरविंद केजरीवाल और कांग्रेस उम्मीदवार संदीप दीक्षित को हार का सामना करना पड़ा है। वहीं जंगपुरा विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार मनीष सिसोदिया को हार का सामना करना पड़ा है। इसके अलावा कालकाजी विधानसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी को और कांग्रेस उम्मीदवार अलका लांबा को हार का सामना करना पड़ा है।

**'आप' के ज्यादातर बड़े नेताओं को मिली हार**

इसके अलावा बादली सीट स कांग्रेस उम्मीदवार देवेंद्र यादव, ग्रेटर कैलाश सीट से आम आदमी

केजरीवाल, नई दिल्ली सीट- 4089 वोट से हारे
सौरभ भारद्वाज, ग्रेटर कैलाश सीट- 3188 वोटर से हारे
सोमनाथ भारती, मालवीय नगर सीट – 2131 वोट से हारे
दुर्गेश पाठक, राजेंद्र नगर सीट- 1231 वोट से हारे
मनीष सिसोदिया, जंगपुरा सीट- 675 वोट से हारे

पार्टी के उम्मीदवार सौरभ भारद्वाज, शकूर बस्ती से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार सत्येंद्र जैन, मालवीय नगर से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार सोमनाथ भारती और पटपड़गंज विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार अवध ओझा को हार का सामना करना पड़ा है। साफ और स्पष्ट शब्दों में कहें तो आम आदमी पार्टी के ज्यादातर बड़े चेहरों को हार का सामना करना पड़ा है।

## दिल्ली चुनाव में अनेक चर्चित चेहरे विजयी हुए

### > आतिशी से लेकर अमानतुल्लाह खान तक जीते

**नई दिल्ली**

चर्चित चेहरों के बारे में जिन्होंने अलग-अलग विधानसभा सीटों पर जीत दर्ज की है। सबसे पहले बात करते हैं नई दिल्ली विधानसभा सीट की। यहां से भाजपा के उम्मीदवार प्रवेश सिंह वर्मा ने जीत दर्ज की है। उन्होंने आप के अरविंद केजरीवाल और कांग्रेस के संदीप दीक्षित को हराया है।दिल्ली चुनाव में इन चर्चित चेहरों को मिली जीत, आतिशी से लेकर अमानतुल्लाह खान तक जीते दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने प्रचंड जीत दर्ज की है। इस चुनाव में कई चर्चित चेहरे ऐसे हैं जिन्हें जीत मिली है, वहीं कई चर्चित चेहरों को हार का सामना करना पड़ा है। आतिशी से लेकर अमानतुल्लाह खान तक ने जीत दर्ज की है।

दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनजर वोटों की गिनती अपने अंतिम चरण में है। हालांकि दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने जा रही है और आम आदमी पार्टी को हार का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि दिल्ली में भाजपा ने 48 सीटों पर जीत दर्ज की



है। वहीं आम आदमी पार्टी ने 22 सीटों पर जीत दर्ज की है। इस बीच चलिए आपको बताते हैं कि इन चर्चित चेहरों के बारे में जिन्होंने अलग-अलग विधानसभा सीटों पर जीत दर्ज की है। सबसे पहले बात करते हैं नई दिल्ली विधानसभा सीट की।

**रविंदर सिंह नेगी समेत ये नेता भी जीते**

इसके अलावा बिजवासन विधानसभा सीट से भाजपा के टिकट पर कैलाश गहलोत ने जीत दर्ज की है। वहीं आम आदमी पार्टी के टिकट पर ओखला विधानसभा सीट से अमानतुल्लाह खान ने जीत दर्ज की है। वहीं पटपड़गंज विधानसभा सीट से भाजपा के टिकट पर रविंदर सिंह नेगी ने जीत दर्ज की है। उन्होंने इस सीट से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार अवध ओझा को हराया है।

## मिल्कीपुर में बीजेपी की बड़ी जीत

**अयोध्या.**

मिल्कीपुर उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने बड़ी जीत दर्ज की है। बीजेपी उम्मीदवार चंद्रभानु पासवान ने समाजवादी पार्टी के अजीत प्रसाद को 61710 वोटों के अंतर से हरा दिया है। चंद्रभानु को कुल 146397 वोट मिले थे जबकि अजित प्रसाद 84687 मत ही जुटा सके। बता दें कि कड़ी सुरक्षा के बीच मतगणना राजकीय इंटर कॉलेज में हुई। मतगणना के लिए 76 कर्मचारियों की 19 पार्टियां लगाई गई थीं। मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव पर सियासी पंडितों की नजरें जमी हुई थीं क्योंकि यहां से अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद सपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे थे। हालांकि चंद्रभानु ने अजीत को बहुत बुरी तरह मात दी है। कौन हैं मिल्कीपुर से जीत हासिल करने वाले बीजेपी नेता चंद्रभानु पासवान?

चंद्रभानु पासवान पासी समाज से आते हैं और 2 साल से मिल्कीपुर सीट पर काफी सक्रिय थे। वह रुदौली से दो बार जिला पंचायत सदस्य रहे हैं और वर्तमान में उनकी पत्नी जिला पंचायत सदस्य हैं। इनका पूरा



परिवार साड़ी के व्यापार में लगा हुआ है। चंद्रभानु बीजेपी की जिला इकाई में कार्य समिति के भी सदस् रहे और 2024 के लोकसभा चुनाव में अनुसूचित जाति संपर्क प्रमुख रहे। उनके पिता बाबा रामलखन दास ग्राम प्रधान हैं।चंद्रभानु को अपने घर से ही राजनीतिक अनुभव मिला है और उनका परिवार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से भी जुड़ा रहा है।

**मिल्कीपुर में किस जाति का है प्रभाव?**

मिल्कीपुर में कुल 3 लाख 58 हजार वोटर हैं, जिसमें सबसे अधिक संख्या अनुसूचित जाति और फिर पिछड़े वर्ग की है। यहां पासी समाज और ओबीसी वर्ग में यादवों का सबसे ज्यादा प्रभाव है।

इस सीट से साल 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा के अवधेश प्रसाद जीते थे लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव में अवधेश अयोध्या सीट जीतकर सांसद बन गए।

## मोदी के नेतृत्व में जनता ने जताया भरोसा: नीतीश कुमार

**पटना.**

दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों में बीजेपी को बंपर बहुमत मिला है. 70 विधानसभा सीटों में से पार्टी को 48 सीटें मिलीं हैं. करीब 27 सालों के बाद बीजेपी को दिल्ली में सत्ता में आने का मौका मिला है. आम आदमी पार्टी को महज 22 सीटों पर संतोष करना पड़ा है, वहीं कांग्रेस का खाता भी नहीं खुल सका. बीजेपी की जीत पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं.



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लिखा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की भारी बहुमत से जीत पर बधाई एवं शुभकामनायें. दिल्ली की जनता ने आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व पर अपना पूर्ण विश्वास व्यक्त किया है. इस ऐतिहासिक जीत के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को बहुत-बहुत बधाई.

**पूर्वांचल के मतदाताओं ने किया वोट**

आपको बता दें कि बिहार में बीजेपी और जेडीयू के गठबंधन वाली एनडीए सरकार है. दिल्ली में बिहार के लोगों की संख्या अच्छी खासी है. दिल्ली चुनाव में बिहार और पूर्वांचल के मतदाताओं ने भी अहम रोल निभाया है. जेडीयू के साथ गठबंधन का लाभ बीजेपी को मिला और बिहार के वोटर्स ने दिल्ली की सत्ता बदलने में भूमिका निभाई. नीतीश कुमार लगातार कह चुके हैं कि वह अब इधर-उधर नहीं करेंगे, बीजेपी के साथ रहेंगे. इसका भी सकारात्मक असर पड़ा.

## साबरमती के बुलेट ट्रेन स्टेशन पर लगी आग

**अहमदाबाद.**

मुंबई से अहमदाबाद के बीच पहली बुलेट ट्रेन चलाने के लिए काम जोर-शोर से चल रहा है। इसके लिए जगह-जगह पर रेलवे स्टेशन भी बनाए जा रहे हैं, जहां बुलेट ट्रेन रुकेगी। इसी क्रम में साबरमती में भी बुलेट ट्रेन के ठहराव के लिए रेलवे स्टेशन का निर्माण कार्य चल रहा है। वहीं शनिवार सुबह निर्माणाधीन साबरमती बुलेट ट्रेन रेलवे स्टेशन पर आग लग गई। एक अधिकारी ने इस बात की जानकारी दी है। बताया जा रहा है कि बेल्डिंग के दौरान निकलने वाली



चिनगारी से रेलवे स्टेशन पर आग लग गई।

**आग लगने से कोई हताहत नहीं**

अग्निशमन विभाग के अधिकारी ने बताया कि सुबह करीब साढ़े छह बजे लगी आग में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। उन्होंने कहा कि 13 दमकल गाड़ियों को मौके पर लगाया गया और आग पर काबू पा लिया गया। परियोजना का कार्य देख रही 'नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड' (एनएचएसआरसीएल) की ओर से इस संबंध में बयान जारी किया गया है। जारी बयान के अनुसार, निर्माण स्थल के एक हिस्से की छत पर लगी शटरिंग में आग लगने की सूचना मिली। इसमें कहा गया कि वेल्डिंग की चिनगारी को प्रथम दृष्टया आग का संभावित कारण माना जा रहा है।

## नागपुर में एक्सक्लूसिव हैंडलूम एक्सपो: भारत की समृद्ध बुनाई विरासत की झलक



**नागपुर.**

भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के विकास आयुक्त (हैंडलूम) कार्यालय द्वारा प्रायोजित एक्सक्लूसिव हैंडलूम एक्सपो का आयोजन नागपुर के विवर्स सर्व्हिस सेंटर द्वारा साउथ सेंट्रल ज़ोन कल्चरल सेंटर, सिविल लाइन्स, नागपुर में 8 फरवरी से 14 फरवरी 2025 तक किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन 8 फरवरी 2025 को शाम 6:00 बजे माननीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितिनजी गडकरी द्वारा किया जाएगा।




इस प्रदर्शनी में भारत के विभिन्न हिस्सों से 50 हैंडलूम कारीगर, सहकारी समितियाँ, हैंडलूम कॉरपोरेशन, प्रोड्यूसर कंपनियाँ और हस्तशिल्प कारीगर भाग लेंगे, जो बनारसी, बलूचरी, पैठणी, तसर, कोटा डोरिया, चंदेरी, महेश्वरी और गढ़वाल जैसे विविध हैंडलूम साड़ियाँ और ड्रेस मटेरियल की पेशकश करेंगे। इस प्रदर्शनी में आप भरतनाट्यम, कथक, सुगम संगीत, फैशन शो जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद ले सकेंगे और हैंडलूम बुनाई, प्रिंटिंग और रंगाई के लाइव प्रदर्शन भी देख सकेंगे। एक बायर-सेलर मीट भी आयोजित की जाएगी, जो कारीगरों और व्यवसायों के बीच नेटवर्किंग के अवसर प्रदान करेगी। पारंपरिक भोजन के स्टॉल भी उपलब्ध होंगे। एक्सपो प्रतिदिन दोपहर 1:00 बजे से रात 9:00 बजे तक खुला रहेगा।

यह पहल हैंडलूम कारीगरों का समर्थन करती है, पर्यावरण-अनुकूल वस्त्रों को बढ़ावा देती है, 'मेक इन इंडिया' अभियान के अनुरूप है, पर्यटन को प्रोत्साहित करती है और महिला कारीगरों को सशक्त बनाती है, साथ ही भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करती है।

CMYK

# घर में रखा सोना: इकोनॉमी को बूस्ट करने का साधन

> फिर 'सोने की चिड़िया' बनेगा देश

**नई दिल्ली.**

गोल्ड भारत के स्पॉट मार्केट में 86 हजार रुपए के पार पहुंच गया है. वहीं देश के वायदा बाजार मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में 85 हजार रुपए के पार चला गया है. दोनों ही जगहों पर गोल्ड ने एक नया नया माइलस्टोन बनाया है. मतलब साफ है कि देश के लोगों के पास या तो फिजिकल रूप में रखा सोना हो या फिर ऑनलाइन के रूप सभी तरह से कमाई करा रहा है. भारत के लोगों के लिए गोल्ड हमेशा ही एक आकर्षण का केंद्र रहा है. यही वजह है पुरातन काल से देश के लोगों ने गोल्ड को अपने सबसे करीब समझा है.



दुनिया के बाकी देशों के मुकाबले भारत के लोगों के ज्यादा सोना है. कई जानकारों का तो यहां तक कहना है कि जितना सोना भारत के घरों में रखा है, उतना तो दुनिया के किसी देश के रिजर्व में भी नहीं होगा. साथ ही कई एक्सपर्ट तो यह भी कहते हैं दुनिया का आधा सोना भारत के घरों में रखा है. वो भी तब जब देश विकासशील देशों की कैटेगिरी में है. ये वो सोना है जो आम लोगों के जीवन का हिस्सा तो है, लेकिन इकोनॉमी का हिस्सा नहीं है.

### मंदिरों में कितना है गोल्ड

अगर बात मंदिरों में रखे गोल्ड की करें तो वो भी कम है. देश के मदिंरों में रखा गोल्ड भी दुनिया के किसी गोल्ड रिजर्व से कम नहीं है.जर्मनी, इटली, फ्रांस, रूस, चीन जैसे देश देश के मंदिरों के गोल्ड रिजर्व के सामने कुछ भी नहीं है.भारत के मंदिरों का गोल्ड रिजर्व 5000 टन से ज्यादा है. जिसके अगले कुछ सालों में 10 हजार टन होने का अनुमान जताया जा रहा है. अगर ऐसा होता है कि भारत के मंदिरों का गोल्ड का रिजर्व अमेरिका के गोल्ड रिजर्व से भी आगे निकल सकता है. अब आप समझ सकते हैं कि भारत के पास जितना सोना सिस्टम नहीं है उससे कई गुना ज्यादा गोल्ड घरों और मंदिरों में मौजूद है. इसलिए कहा जाता है कि दुनिया का आधा सोना देश के घरों और मंदिरों में मौजूद हैं.

अगर आम लोगों के पास रखा सोना देश के इकोनॉमिक सिस्टम का हिस्सा बन जाए तो देश एक बार फिर से सोने की चिड़िया बन सकता है. घरों में रखा गोल्ड देश इकोनॉमी के पंख सिर्फ खोलेगा ही नहीं बल्कि उन्हें उसे एक नई ऊर्जा और रफ्तार भी देखा. भारत दुनिया के कई विकसित देशों से काफी आगे निकल जाएगाा. आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर घरों में रखा हुआ सोना कैसे देश को सोने की चिड़िया बना सकता है.

# नुवोको विस्तास ने लॉन्च किया दूसरा रेडी-मिक्स प्लांट

**नागपुर.**

नुवोको विस्तास कॉर्प लिमिटेड, भारत की पांचवीं सबसे बड़ी सीमेंट समूह, ने महाराष्ट्र में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करते हुए नागपुर में दूसरा रेडी-मिक्स कंक्रीट (आरएमएक्स) प्लांट लॉन्च किया है। यह संयंत्र रणनीतिक रूप से कामठी रोड पर स्थित है, जिससे महत्वपूर्ण बाजारों तक पहुंच आसान हो गई है। यह कदम नुवोको की क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाले निर्माण सामग्रियों की आपूर्ति के प्रति प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करता है।




नुवोको के नागपुर-I (मिहान) संयंत्र से लगभग 27 किमी की दूरी पर स्थित नागपुर-II कंपनी को औद्योगिक, वाणिज्यिक और आवासीय परियोजनाओं के लिए नागपुर में बढ़ती कंक्रीट की मांग को पूरा करने में सक्षम बनाएगा। यह संयंत्र श्रीनगर-कन्याकुमारी हाईवे पर कपिलांश धातु उद्योग लिमिटेड के निकट स्थित है, जिससे नागपुर शहर, कोराडी और भंडारा रोड सहित प्रमुख क्षेत्रों तक सुगम संपर्क सुनिश्चित होता है। इसके अलावा, संयंत्र की पंचगांव और हिंगना क्षेत्रों के निकटता कच्चे माल की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करती है, जिससे परिचालन क्षमता में वृद्धि होती है और यह बड़े और छोटे दोनों प्रकार के कंक्रीट कार्यों के लिए एक आदर्श केंद्र बन जाता है।

90 क्यूबिक मीटर प्रति घंटा की उत्पादन क्षमता के साथ, इस संयंत्र में एक ट्विन शाफ्ट मिक्सर है, जो नुवोको के प्रसिद्ध ब्रांड्स के तहत मूल्य वर्धित उत्पादों सहित विभिन्न कंक्रीट ग्रेड का उत्पादन करने में सक्षम है। इनमें एक्सकॉन विशेषज्ञ कंक्रीट मिक्सेस के लिए, कंक्रीटो स्व-सम्पैक्टिंग और उच्च-बल समाधान के लिए, इकोड्योर ग्रीन कंक्रीट के लिए, आर्टिस्ट सजावटी कंक्रीट फ्लोर के लिए, और इंस्टामिक्स रेडी-टू-यूज बैगged कंक्रीट के लिए शामिल हैं।

# 'बोर्ड एग्ज़ाम स्मार्ट प्रेप सीरीज़ लॉन्च

**नागपुर.**

ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल ने 'बोर्ड एग्ज़ाम स्मार्ट प्रेप सीरीज़' का लॉन्च किया है। 40 वीडियो वाली यह सीरीज़ छात्रां के लिए बोर्ड परीक्षा की तैयारी को बेहद आसान बना देगी। आईआईटी से आने वाले 25 से अधिक अध्यापकों के नेतृत्व में तैयार की गई यह सीरीज़ छात्रों को विभिन्न विषयों जैसे भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, अंकगणित, ज्यामिति और अंग्रेज़ी (फिज़िक्स, कैमिस्ट्री, बायोलोजी, एलजेबरा, ज्योमेट्री और इंग्लिश) में व्यापक मार्गदर्शन देती है, जिससे छात्रां के लिए परीक्षा के सवाल हल करना बेहद आसान हो जाता है।

इस पहल पर बात करते हुए मेहनाज पटेल, प्रिंसिपल, ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल कोराडी रोड, नागपुर ने कहा, ''बोर्ड की परीक्षा छात्रों के लिए बहुत अधिक मायने रखती है और हम उन्हें परीक्षा की तैयारी के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायता प्रदान करना चाहते हैं, ताकि वे परीक्षा में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दे सकें। ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल में हमारा मानना है कि विशेषज्ञों का मार्गदर्शन छात्रों की अकादमिक यात्रा में बड़ा बदलाव ला सकता है। इस 'बोर्ड एग्ज़ाम स्मार्ट प्रेप सीरीज़' के माध्यम से आईआईटी से आने वाले हमारे अध्यापक छात्रों को विषय की अवधारणा को समझने के लिए मार्गदर्शन देते हैं। इससे छात्रों को विषय के बारे में ज़रूरी जानकारी मिलती है, उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और वे परीक्षा के लिए सही योजना बनाकर अच्छे अंक हासिल कर सकते हैं।' जैसे-जैसे परीक्षा नज़दीक आ रही है, छात्र कई तरह के वीडियोज़ के साथ दोहरान कर सकते हैं जैसे '1 मंथ ब्लूप्रिन्ट टू स्कोर 90 प्ल', 'टॉप 10 क्वश्चन्स दैट विल बूस्ट यॉर मार्क्स' और 'स्पीड रिविज़नः मास्टर द एंटायर सिलेबस इन 7 डेज़'। ये सभी वीडियो छात्रों के लिए सीबीएसई परीक्षा की तैयारी को बेहद आसान बना देंगे।

# एचएसबीसी फ़ाइनेंशियल सर्विसेज़ फ़ंड हुआ लॉन्च

**नई दिल्ली.**

एचएसबीसी म्यूचुअल फ़ंड ने अपनी नई ओपन-एंडेड इक्विटी योजना "एचएसबीसी फ़ाइनेंशियल सर्विसेज़ फ़ंड" की घोषणा की है, जो वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र में निवेश करने के अवसर प्रदान करेगी। यह नया फंड 6 फरवरी से खुलकर 20 फरवरी तक निवेश के लिए उपलब्ध होगा। यह फंड वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र में होने वाली वृद्धि और विकास को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया है, जिसमें बढ़ती वित्तीय समावेशन और डिजिटलीकरण से संबंधित अवसरों का लाभ उठाया जाएगा। भारत के आर्थिक विकास में वित्तीय क्षेत्र की अहम भूमिका को देखते हुए इस फंड का लक्ष्य निवेशकों को इस क्षेत्र से जुड़ी संभावनाओं का लाभ दिलाना है।




इस फंड का प्रबंधन गौतम भूपल द्वारा किया जाएगा, जो एचएसबीसी म्यूचुअल फ़ंड के एसवीपी फ़ंड मैनेजमेंट इक्विटीज़ हैं। यह फंड उन निवेशकों के लिए उपयुक्त है, जो लंबी अवधि में अपनी संपत्ति में वृद्धि करना चाहते हैं।

इस फ़ंड का प्रबंधन गौतम भूपल, एसवीपी फ़ंड मैनेजमेंट इक्विटीज़, एचएसबीसी म्यूचुअल फ़ंड, साथ ही एक टीम सदस्य द्वारा किया जाएगा, जिसे वित्तीय सेवा क्षेत्र में मिलने वाले अवसरों की गहराई का फ़ायदा उठाने में विशेषज्ञता है, जिससे निवेशकों को भारत की लंबी अवधि की विकास कहानी से फ़ायदा उठाने का अवसर मिलेगा। यह प्रोडक्ट उन निवेशकों के लिए उपयुक्त है, जो लंबी अवधि में अपनी संपत्ति में वृद्धि करना चाहते हैं।

# सस्ता लोन: 150 शहरों में एक्सपो आयोजित करेगा बैंक

**नई दिल्ली.**




रिजर्व बैंक ने मिडिल क्लास को बड़ी राहत देते हुए ब्याज दरों में कटौती का ऐलान किया है. रिजर्व बैंक के इस फैसले से उनलोगों को बड़ी राहत मिली है जिनकी या तो ईएमआई चल रही है या फिर कोई लोन लेने की तैयारी में है. ऐसे में अगर आप घर खरीदना चाहते हैं और होम लोन लेने की प्लानिंग कर रहे हैं तो ये खबर आपके काम की साबित हो सकती है. दरअसल, देश का दूसरा सबसे बड़ा सरकारी बैंक पंजाब नेशनल बैंक ने देश के 150 शहरों में सस्ता लोन देने के लिए लोन एक्सपो लगाया है. आइए जानते हैं कौन कौन से लोन इस एक्सपो में मिलेंगे और किसे इसका फायदा मिलेगा? सस्ता लोन बांटने के लिए फिर पंजाब नेशनल बैंक पूरे देश में दो दिन का विशेष शिविर होम एक्सपो 2025 लगा रही है. इस एक्सपो में लोगों को रियायती ब्याज दरों पर लोन मिलेंगे. यही नहीं इस एक्सपो में लोग हाथों-हाथ लोन का अप्रूवल लेटर और सेंग्शन लेटर भी ले सकते हैं. पंजाब नेशनल बैंक ने कल यानि 7 फरवरी से लोन एक्सपो शुरू किया है जो आज भी 150 शहरों में पीएनबी होम लोन एक्सपो 2025 नाम से चल रहा है. इस दो दिन के एक्सपो में घर खरीदारों और रियल एस्टेट निवेशकों को काफी सस्ते रेट पर होम लोन मिलेगा. पीएनबी के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक रिपोर्ट में बताया गया कि इस एक्सपो में होम लोन का लाभ लेने वालों को 8.4 फीसदी सालाना का ब्याज दर पर लोन मिलेगा. इसी तरह अगर कोई कार लोन लेना चाहता है तो इस रेट थोड़ा अलग है. कार लोन में ब्याज दर होम लोन के मुकाबले 8.75 फीसदी से शुरू होता है. इसके अलावा अगर कोई पीएम सूर्य घर योजना के तहत सोलर प्लांट लगवाने के लिए लोन लेना चाहता है तो उसे महज 7 फीसदी सालाना पर लोन मिलेगा.

# आचार्य विद्यासागर जी: धर्म, संस्कृति और राष्ट्र के प्रति समर्पित जीवन

**नई दिल्ली.**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में आचार्य गुरु श्री विद्यासागर जी महाराज के प्रथम समाधि स्मृति महोत्सव के अवसर पर अपने संबोधन में आचार्य जी के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि आचार्य विद्यासागर जी का जीवन धर्म, संस्कृति और राष्ट्र को समर्पित रहा। इस कार्यक्रम में, अमित शाह ने आचार्य विद्यासागर जी की स्मृति में 100 रुपये का स्मारक सिक्का, 5 रुपये का डाक विभाग का विशेष लिफाफा,



108 चरण चिन्हों और चित्र का लोकार्पण किया और प्रस्तावित समाधि स्मारक 'विद्यायतन' का शिलान्यास भी किया। अमित शाह ने आचार्य विद्यासागर जी को एक युगपुरुष बताया, जिन्होंने भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय पहचान को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने आचार्य जी के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि उनका जीवन 'मनसा वाचा कर्मणा' के सिद्धांत पर आधारित था, जो न केवल जैन धर्म के अनुयायियों के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणा का स्रोत बना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, आचार्य जी के विचारों को जमीन पर उतारा गया, खासकर जी-20 सम्मेलन के निमंत्रण पत्र पर 'प्राइम मिनिस्टर ऑफ इंडिया' के बजाय 'प्राइम मिनिस्टर ऑफ भारत' लिखा गया। आचार्य जी का संदेश, प्रवचन और लेखन न केवल जैन समुदाय, बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए एक अमूल्य धरोहर बने हुए हैं। उनकी व्याख्याए, जैसे 'अहिंसा परमो धर्म' और 'वसुधैव कुटुंबकम' के सिद्धांत, मोदी जी के नेतृत्व में दुनिया भर में स्थापित किए जा रहे हैं।

# इस आईपीओ में निवेश का बड़ा मौका!

**नई दिल्ली.**

किदारा कैपिटल समर्थित कंक्रीट उपकरण निर्माता अजाक्स इंजीनियरिंग लिमिटेड जल्द ही अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम लेकर आ रहा है। कंपनी ने इस आईपीओ के लिए ₹599 से ₹629 प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया है। इसके साथ ही, लिस्टिंग से पहले एंकर निवेशकों से ₹379 करोड़ जुटाए जा चुके हैं । बेंगलुरु स्थित कंपनी का आईपीओ 10 फरवरी से 12 फरवरी तक निवेशकों के लिए खुला रहेगा। इस दौरान इच्छुक निवेशक कंपनी के शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं।




अजाक्स इंजीनियरिंग भारत में कंक्रीट मिक्सिंग और निर्माण उपकरणों के निर्माण में अग्रणी कंपनियों में से एक है। कंपनी के पास कर्नाटक में चार असेंबलिंग और मैन्युफैक्चरिंग प्लांट हैं, जहां विभिन्न उत्पाद लाइनों का निर्माण किया जाता है। इसके अलावा, आदिनारायणहोसहल्ली, कर्नाटक में एक नई मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी निर्माणाधीन है, जो अगस्त 2025 तक चालू होने की उम्मीद है।

यह आईपीओ पूरी तरह से ओएफएस है, इसलिए कंपनी को इस इश्यू से कोई नई पूंजी नहीं मिलेगी।

प्राइस बैंड ₹599-₹629 प्रति शेयर तय किया गया है। जीएमपी ₹40 होने के कारण निवेशकों को अच्छी लिस्टिंग गेन मिलने की उम्मीद है। 10 से 12 फरवरी के बीच निवेशक इस आईपीओ में आवेदन कर सकते हैं। लिस्टिंग 17 फरवरी को संभावित है। निवेशक इस आईपीओ में निवेश करने से पहले कंपनी के वित्तीय प्रदर्शन, बाजार स्थिति और अन्य कारकों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें।

# ई-कॉमर्स निर्यात में अमेज़न और कॉमर्स का विस्तार

**नई दिल्ली.**

अमेज़न और विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने आज भारत से ई-कॉमर्स निर्यात में तेज़ी लाने के लिए अपने सहयोग के विस्तार की घोषणा की। यह प्रारंभिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर आधारित हैजिसपर नवंबर 2023 में हस्ताक्षर कियागयाथा।इसका उद्देश्य था,एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सरकार की जिलों को निर्यात केंद्र पहल के रूप में लाभ उठाना था। यहनवीनीकृत गठजोड़देशभरमें एमएसएमईको ई-कॉमर्स निर्यात में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल और संसाधनों से लैस करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। श्री संतोष सारंगी (डीजीएफटी के अतिरिक्त सचिव और महानिदेशक), चेतन कृष्णस्वामी (उपाध्यक्ष, सार्वजनिक नीति - अमेज़न) और भूपेन वाकणकर (वैश्विक व्यापार निदेशक- अमेज़न इंडिया) की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन का नवीनीकरण किया गया।इसविस्तारित गठजोड़केतहतभारत के ई-कॉमर्स निर्यात परितंत्र को और मज़बूत करने के लिए कई नई पहलों की शुरुआत




होगी। इनमें 47 जिलों में विशेष प्रशिक्षण सत्र, डीजीएफटी के ट्रेड कनेक्ट पोर्टल के भीतर अमेज़न के एक्सपोर्ट नेविगेटर टूल का एकीकरण और एमएसएमई के लिए स्थानीय ऑफलाइन नेटवर्क के रूप में निर्यात समुदायों की स्थापना शामिल है। सहयोग एमएसएमई को उत्पाद चयन का विस्तार करने और निर्यात संचालन को बढ़ाने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए विभिन्नकिस्मके आयोजन किये जाएंगे। इस पहल का उद्देश्य है, ई-कॉमर्स निर्यात में अमेज़न की वैश्विक पहुंच तथा विशेषज्ञता को डीजीएफटी की स्थानीय विशेषज्ञता के साथ जोड़कर, अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों में भारतीय विक्रेताओं के लिए नए अवसर खोलना औरयह निर्यात को बढ़ावा देने तथा स्थानीय व्यवसायों का समर्थन करने के सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

अमेज़न इंडिया में वैश्विकव्यापार निदेशक, भूपेन वाकणकर ने कहा, "हम एमएसएमई और देश भर के उद्यमियों को मज़बूत वैश्विक कारोबारखड़ाकरने और भारत के समग्र निर्यात में योगदान देने के लिए डीजीएफटी के साथ अपने सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए उत्साहित हैं। 2023 से हमारे सहयोग के आशाजनक परिणाम दिखे हैं और हम इस वर्ष 47 जिलों तक अपने संयुक्त फोकस का विस्तार करने की उम्मीद कर रहे हैं। अमेज़न का ध्यान सभी आकारों के व्यवसायों के लिए निर्यात को सरल और अधिक सुलभ बनाने पर है क्योंकि हम 2030 तक भारत से 80 बिलियन डॉलरकासंचयी ई-कॉमर्स निर्यात संभवबनाने के अपने लक्ष्य की दिशा में काम कर रहे हैं।"

# आईटीआर दाखिल करने के बाद भी करदाताओं का रिफंड पेंडिंग

> वित्त मंत्रालय ने दी जानकारी

**नई दिल्ली.**

आईटीआरफाइल को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है. वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए आईटीआर फाइल करने वालों में से करीब 12 लाख लोगों को टैक्स रिफंड नहीं मिला है. इस बात की जानकारी राज्य सभा में वित्त मंत्रालय के राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने दी. उन्होंने बताया कि कुल 3.68 करोड़ आयकर रिटर्न में से 3.56 करोड़ लोगों को रिफंड मिल चुका है.




करीब 12 लाख रिटर्न्स में रिफंड क्रेडिट नहीं हो सका. इसके कई कारण बताए गए हैं. इसमें ITR में दर्ज बैंक खाता गलत होने, पैन और आधार का लिंक न होना, बकाया राशि आदि चीजें शामिल है. इसके अलावा कुछ टैक्सपेयर्स ने आयकर विभाग द्वारा भेजे गए नोटिस का जवाब नहीं दिया है. इसके कारण रिफंड प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है.

अगर आपको भी लगता है कि आपका रिफंड अभी तक नहीं आया और आपको कोई नोटिस मिला है तो आप आयकर e-filing पोर्टल पर जाकर इसे चेक कर सकते हैं. इसके लिए आपको पोर्टल पर लॉगिन करके 'e-Proceedings' टैब में जाना होगा. अगर आपको कोई आईटीआर नोटिस मिला है तो वह 'फॉर योर एक्शन ' टैब में दिखाई देगा. यहां आपको 'व्यू नोटिसस/ऑर्डर्स' बटन पर क्लिक करके अपना जवाब देना होगा.अगर आप नोटिस से सहमत हैं तो 'एग्री' बटन पर क्लिक करके सही जानकारी के साथ अपना आईटीआर फाइल करें.अगर आपको अपनी आय या छूट में बदलाव करना हो तो आपको संशोधित आईटीआर फाइल करना होगा. यह प्रक्रिया फॉलो करके आप अपनी रिफंड समस्या का समाधान कर सकते हैं और अपने टैक्स रिफंड को जल्द प्राप्त कर सकते हैं.

### 12 लाख लोगों का रिफंड नहीं हुआ है क्रेडिट

इन 12 लाख मामलों में रिफंड क्रेडिट न होने के मुख्य कारणों में सबसे पहला कारण यह है बैंक खाता गलत या अपडेट नहीं किया गया. दूसरा कारण यह है कि कई मामलों में पैन और आधार का लिंक नहीं किया गया था. इसके चलते रिफंड प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी. तीसरा कारण यह है कि आयकर अधिनियम की धारा 245(1) और 245(2) के तहत बकाया लंबित हैं. कुछ मामलों में टैक्सपेयर्स द्वारा नोटिस का जवाब नहीं दिया गया.


१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लाँटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

प्रविण कडू : 9822472123

निकाल
महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
महाराष्ट्र सह्याद्री
राजलक्ष्मी विकली लॉटरी
सोडत सायं. 4:30 वाजता
सोडत दर शुक्रवार • सोडत क्रमांक 06 • तिकीट किं. रु. 15/- • सोडत दिनांक 07/02/2025

| | | | |
|---|---|---|---|
| पहिले सामायिक बक्षिस रु. 10000/- | SR-09 : 1274 | | |
| सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी | | | |
| दुसरे बक्षिस रु. 5000/- | 1560 | रुखमणी एन्टरप्रायझेस, औरंगाबाद | |
| तिसरे बक्षिस रु. 2000/- | 5056 | 5124 | 5687 |

चौथे बक्षीस रु. 700/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1133 | 1819 | 2802 | 4194 | 4944 |
| 1154 | 1955 | 2824 | 4236 | 5064 |
| 1168 | 1987 | 2943 | 4352 | 5412 |
| 1515 | 1989 | 2957 | 4475 | 5500 |
| 1552 | 2472 | 3449 | 4603 | 5570 |
| 1568 | 2542 | 3693 | 4604 | 5588 |
| 1671 | 2621 | 3795 | 4745 | 5750 |
| 1686 | 2761 | 3952 | 4810 | 5958 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी MAHARASHTRA STATE LOTTERY
महाराष्ट्र सह्याद्री मासिक सोडत
तिकीट किंमत रु.50/-
सोडत दिनांक 11-02-2025
जिंका फक्त 5 अंकावर रु. 22 लाख पहिले सामाईक बक्षिस रु. (रु. 11 लाखाची x 2 बक्षिसे)
दुसरे बक्षिस रु. 2 लाख (रु. 10 हजाराची x 20 बक्षिसे)
सातवे बक्षिस रु. 12 लाख (रु. 150 ची x 8000 बक्षिसे)
छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जवाबदार नाही. • अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पाहावे. • प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
महाराष्ट्र सह्याद्री राजलक्ष्मी विकली लॉटरी सोडत दिनांक 07/02/2025
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

निकाल
महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
महाराष्ट्र गजलक्ष्मी शुक्र विकली लॉटरी
सोडत संध्या. 4:45 वाजता
सोडत दर शुक्रवार • सोडत क्रमांक 06 • तिकीट किं. रु. 20/- • सोडत दिनांक 07/02/2025

| मालिका | GL-00 | GL-01 | GL-02 | GL-03 | GL-04 |
|---|---|---|---|---|---|
| पहिले बक्षिस रु. 10,000/- | 3545 | 3963 | 5397 श्री गणेश एन्टरप्रायझेस, दादर, मुंबई | 8437 | 5553 श्री गुरुदेव दत्त लॉटरी एजन्सी - पुणे |
| सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES | | | | | |
| दुसरे बक्षिस रु. 5000/- | 3699 | | 7285 | | |
| तिसरे बक्षिस रु. 2000/- | 0773 | 2038 | 5570 पवार लॉटरी - ठाणे | 6345 जलाराम लॉटरी, अकोला | 9594 |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चौथे बक्षिस रु. 1000/- | 0099 | 3089 | 3365 | 3658 | 3867 | 4085 | 5542 | 6610 | 8088 | 8879 |
| पाचवे बक्षिस रु. 500/- | 0220 | 0596 | 3061 | 3238 | 3622 | 3774 | 7610 | 7631 | 8188 | 8254 |

सहावे बक्षीस रु. 300/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सहावे बक्षिस रु. 300/- | 1135 | 1936 | 2429 | 3336 | 4451 | 5588 | 6720 | 7578 | 8187 | 9011 |
| | 1170 | 1939 | 2482 | 3353 | 4454 | 5671 | 6757 | 7590 | 8213 | 9195 |
| 0021 | 1222 | 1966 | 2625 | 3359 | 4465 | 5703 | 6759 | 7688 | 8231 | 9236 |
| 0140 | 1290 | 1978 | 2663 | 3393 | 4479 | 5747 | 6760 | 7717 | 8256 | 9278 |
| 0294 | 1365 | 2014 | 2710 | 3432 | 4499 | 5755 | 6762 | 7749 | 8274 | 9305 |
| 0544 | 1367 | 2022 | 2765 | 3485 | 4582 | 5855 | 6826 | 7787 | 8310 | 9391 |
| 0694 | 1443 | 2054 | 2832 | 3602 | 4644 | 5925 | 6911 | 7834 | 8417 | 9395 |
| 0710 | 1527 | 2101 | 2862 | 3630 | 4873 | 5956 | 6979 | 7848 | 8485 | 9397 |
| 0719 | 1528 | 2182 | 2922 | 3900 | 4891 | 5965 | 6994 | 7881 | 8508 | 9469 |
| 0806 | 1543 | 2192 | 2924 | 3931 | 4923 | 6019 | 7075 | 7910 | 8725 | 9510 |
| 0878 | 1562 | 2223 | 2942 | 3936 | 5055 | 6217 | 7105 | 7981 | 8791 | 9693 |
| 0913 | 1683 | 2234 | 2952 | 3943 | 5132 | 6307 | 7106 | 7997 | 8804 | 9783 |
| 0982 | 1718 | 2252 | 2963 | 4041 | 5193 | 6332 | 7128 | 8004 | 8812 | 9792 |
| 1046 | 1722 | 2261 | 2972 | 4046 | 5258 | 6355 | 7174 | 8020 | 8821 | 9937 |
| 1074 | 1794 | 2285 | 2995 | 4124 | 5354 | 6501 | 7197 | 8021 | 8828 | 9949 |
| 1076 | 1804 | 2289 | 3035 | 4235 | 5422 | 6640 | 7292 | 8091 | 8851 | 9968 |
| 1081 | 1819 | 2350 | 3175 | 4368 | 5430 | 6660 | 7293 | 8100 | 8908 | 9982 |
| 1098 | 1915 | 2371 | 3283 | 4413 | 5552 | 6703 | 7391 | 8162 | 8911 | 9984 |
| 1111 | 1916 | 2387 | 3324 | 4442 | 5581 | 6704 | 7514 | 8173 | 8951 | 9995 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी MAHARASHTRA STATE LOTTERY
महाराष्ट्र गजराज मासिक सोडत
सोडत दिनांक 25/02/2025
जिंका फक्त 4 अंकावर ₹ 14 लाख पहिले सामाईक बक्षिस रु.
दुसरे बक्षिस ₹ 2.5 लाख (रु. 10 हजाराची 25 बक्षिसे)
तिकीट किंमत ₹20/-
महाराष्ट्र गजलक्ष्मी शुक्र विकली लॉटरी सोडत दिनांक 07/02/2025
छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पहावे. प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah


CMYK

# वैलेंटाइन डे पर रोमांटिक जगहों पर बिताएं खास पल

## गुलाबी फरवरी को बनाएं यादगार


❑ मुंबई जिसे पूरी दुनिया माया नगरी के नाम से जानती है। इस शहर की खूबसूरती और नाइटलाइफ इस कदर प्रचलित है कि यहां दुनिया भर से पर्यटक घूमने और मौज-मस्ती करने के लिए पहुंचते हैं। मुंबई महाराष्ट्र का एक ऐसा शहर है, जो हर अवसर के लिए तैयार रहता है। न्यू ईयर से लेकर 26 जनवरी या फिर वैलेंटाइन डे के मौके पर यह शहर लाखों देशी और विदेशी पर्यटकों के लिए डेस्टिनेशन बन जाता है।

मुंबई कई कपल्स के बीच भी एक बेहतरीन और रोमांटिक डेस्टिनेशन के रूप में फेमस है। इसलिए यहां समय-समय पर कई कपल्स मौज-मस्ती और धमाल करने के लिए पहुंचते रहते हैं। हम आपको मुंबई की कुछ हसीन और रोमांटिक जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां आप अपने पार्टनर के साथ यादगार वैलेंटाइन डे सेलिब्रेट कर सकते हैं।

**संजय गांधी नैशनल पार्क :** एक कपल्स की चाहत होती है कि जब अपने पार्टनर के साथ घूमने जाए तो किसी ऐसी जगह जाए, जहां क्वालिटी टाइम स्पेंड कर सकें। कुछ ऐसी यादें साथ में गुजारे कि जीवन भर के लिए यादगार बन जाए।

अगर आप भी मुंबई में पार्टनर के संग क्वालिटी टाइम स्पेंड करना चाहते हैं, तो संजय गांधी नैशनल पार्क से शांत जगह आपको नहीं को और नहीं मिलेगी। यह पार्क शांत वातावरण के साथ के साथ-साथ रोमांटिक दृश्यों के लिए भी जाना जाता है। वैलेंटाइन डे के मौके पर यहां हजारों कपल्स यादगार पल बिताने के लिए पहुंचते हैं।

**अक्सा बीच :** मुंबई जैसे समुद्री तट के किनारे बसे शहर में पार्टनर के साथ घूमने जा रहे हैं, और बीच के किनारे घूमने नहीं गए, ऐसा बहुत कम ही होता है। वैसे तो मुंबई में ऐसे कई बीचेज मौजूद हैं, जहां घूमने के



लिए जा सकते हैं, लेकिन अगर आप वैलेंटाइन डे के मौके पर घूमने जा रहे हैं, तो फिर आपको अक्सा बीच पहुंचना चाहिए। अक्सा बीच एक हसीन और रोमांटिक समुद्री तट माना जाता है। यहां कई कपल्स पार्टनर के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करने के लिए पहुंचते हैं। अरब सागर की हसीन लहरों और सफेद रेत के किनारे शानदार तरीके से वैलेंटाइन डे सेलिब्रेट कर सकते हैं। सूर्योदय और सूर्यास्त के समय यहां कई कपल्स घूमने के लिए पहुंचते हैं।

**ग्लोबल फ्यूजन :** कई कपल्स ऐसी जगह जाना पसंद करते हैं, जहां पार्टनर के साथ हसीन शाम गुजार सकें। इसलिए कई कपल्स सूरज ढलते ही किसी कैफे, बार या रेस्टुरेंट में जाना पसंद करते हैं। अगर आप भी कुछ इसी तरह की जगह तलाश रहे हैं, तो फिर आपको ग्लोबल फ्यूजन में फेमस जाना चाहिए। अंधेरी ईस्ट में मौजूद ग्लोबल फ्यूजन एक बेहतरीन और रोमांटिक रेस्तरां है। वैलेंटाइन के मौके पर यह कई विदेशी कपल्स भी मौज-मस्ती करने के लिए पहुंचते हैं। वैलेंटाइन के मौके पर यहां म्यूजिक प्रोग्राम भी होता है।

**मड आइलैंड :** मड आइलैंड मुंबई के साथ-साथ पूरे महाराष्ट्र का एक लोकप्रिय स्थान माना जाता है। इस जगह की खूबसूरती इस कदर प्रचलित है कि इसे कई लोग मुंबई का दूसरा मरीन ड्राइव मानते हैं। अगर आप वैलेंटाइन डे पर पार्टनर के साथ हसीन पल बिताना चाहते हैं, तो फिर आपको मड आइलैंड जरूर पहुंचना चाहिए। यहां समुद्र तट के किनारे घूमने के साथ साथ-साथ मड फोर्ट को भी एक्सप्लोर कर सकते हैं। मड आइलैंड शांत और मनमोहक दृश्यों के लिए भी जाना जाता है।

## सुविचार

जो समुन्दरों को पाने की चाहता रखते है
वो समुन्दरो पर भी पत्थरों के पुल बना देता है

# चॉकलेट पेस्ट्री से कराएं पार्टनर का मुंह मीठा



❑ आज वैलेंटाइन वीक का तीसरा दिन चॉकलेट डे होता है। आप अपने पार्टनर का मुंह मीठा करवाना चाहते हैं तो उनके लिए टेस्टी चॉकलेट पेस्ट्री बनाएं। यहां बनाई गई पेस्ट्री बिना अंडे के तैयार की जा सकती है और स्वाद में काफी अच्छी लगती है। सीखिए बिना अंडे और माइक्रोवेव के बनने वाली इस पेस्ट्री की रेसिपी।

**चॉकलेट पेस्ट्री बनाने के लिए आपको चाहिए :** बिना अंडे वाली इस टेस्टी पेस्ट्री को बनाने के लिए आपको चाहिए दूध, कटी हुई डार्क चॉकलेट, कॉर्न फ्लोर, गाढ़ी क्रीम, डायजेस्टिव बिस्कुट, पिसी हुई चीनी, कोको पाउडर।

**कैसे बनाएं पेस्ट्री :** सबसे पहले एक कटोरे में डार्क चॉकलेट और दूध लें और फिर इस अब इसे डबल बॉइलिंग प्रोसेस में कुछ सेकेंड के लिए गर्म करें। जब तब बिस्कुट को पाउडर बनाएं और इस मिक्स के साथ मिला दें। इसे अच्छी तरह मिलाएं। अब केक बनाने वाली टिन में बटर पेपर लगाएं और इस मिक्स को अच्छे से उसमें फैला दें। अब एक पैन गरम करें और उसमें दूध, कॉर्न फ्लोर, कोको पाउडर, डार्क चॉकलेट और क्रीम डालें। अब इसे तब तक अच्छी तरह फेटें जब तक यह एक चिकना, गाढ़ा चॉकलेट मिक्स न बन जाए। जब ये चिकना हो जाए को इसकी भी लेयरिंग पहले के ऊपर कर दें। फिर एक कटोरे में एक कप डार्क चॉकलेट और आधा कप क्रीम लें और इसे डबल बॉइलिंग प्रोसेस से कुछ सेकेंड के लिए गर्म करें । अच्छे से मिलाने के बाद इसकी परत भी बाकी दो परत के ऊपर डाल दें। अब इस पेस्ट्री को फ्रीज में रख दें। कम से कम 5 से 6 घंटे बाद पेस्ट्री को बाहर निकालें और पेस्ट्री शेप में काट कर सर्व करें। अगर आप ज्यादा नहीं बनाना चाहते हैं तो छोटे कांच के जार में बना सकते हैं।

## फेंगशुई

# बेडरूम की नेगेटिव एनर्जी कैसे करें कम?

❑ फेंग शुई चीनी वास्तु शास्त्र है। घर के किसी भी कोने में नेगेटिव एनर्जी मौजूद हो तो उसका प्रभाव जीवन पर भी देखने को मिलता है। ज्यादातर समय हम अपने बेडरूम में बिताते हैं। बेडरूम की नेगेटिव एनर्जी शारीरिक और मानसिक तौर पर प्रभावित कर सकती है। फेंग शुई विद्या में कई उपाय बताए गए हैं, जिनकी मदद से न केवल आप अपने बेडरूम को एस्थेटिक लुक दे सकते हैं बल्कि नेगेटिव एनर्जी का प्रभाव भी कम कर सकते हैं। आइए जानते हैं फेंग शुई शास्त्र के अनुसार, बेडरूम की नेगेटिव एनर्जी कैसे कम कर सकते हैं-

**बंद घड़ी :** कभी भी दीवारों पर बंद घड़ी नहीं लगानी चाहिए। खासतौर पर सुबह उठने के बाद बंद घड़ी देखने से आपके भाग्य के दरवाजे पर भी ताल लग सकता है। घर के किसी भी कोने में बंद घड़ी रखना शुभ नहीं माना जाता है।

**किस दिशा में होना चाहिए?:** बेडरूम को हमेशा उत्तर या उत्तर पश्चिम दिशा में ही बनवाना चाहिए। ऐसा करने से पति-पत्नी के बीच का बंद स्ट्रांग होता है।

**मुरझाए पौधे :** घर में मुरझाए पौधे रखना शुभ नहीं माना जाता है।



वहीं, बेडरूम में सूखे हुए कांटेदार पौधे नहीं रखना चाहिए। इससे घर में नेगेटिव एनर्जी प्रवेश करती है।

**तस्वीरें :** ज्यादातर लोग अपने बेडरूम को एस्थेटिक लुक देने के लिए तस्वीरें लगाते हैं।

बेडरूम में युद्ध की तस्वीर लगाने से पति-पत्नी के बीच झगड़ा बढ़ सकता है। वहीं, उदास चेहरे वाली तस्वीर भी बेडरूम में नहीं लगानी चाहिए। इससे नेगेटिव एनर्जी बढ़ती है।

## सेंटोरिनी द्वीप: ग्रीस का खूबसूरत स्वर्ग



ग्रीस का सेंटोरिनी आईलैंड दुनिया के सबसे खूबसूरत द्वीपों में से एक है, जिसे स्वर्ग जैसी खूबसूरती के लिए जाना जाता है। यहां की अद्भुत दृश्यावलियां और शांत माहौल कपल्स के लिए परफेक्ट हनीमून डेस्टिनेशन बनाती हैं। हालांकि, फिलहाल यह द्वीप तेज भूकंप के झटकों से जूझ रहा है, जिसके कारण इमरजेंसी घोषित की गई है। हर साल यहां लाखों पर्यटक आते हैं, लेकिन इसके बावजूद सेंटोरिनी की सुंदरता और आकर्षण बरकरार है।

## वास्तुशास्त्र

# नए घर की दिशा क्या होनी चाहिए?




❑ वास्तु शास्त्र में नया घर किस दिशा में बनवाना चाहिए को लेकर कई तरह के नियम बताए गए हैं. जिनको मानने से व्यक्ति के जीवन में आ रही कई तरह की कठिनाइयां दूर हो जाती है. अगर किसी व्यक्ति को किसी शुभ जगह पर बसना है तो शुरु से ही वास्तु का अच्छे से पालन करना पड़ेगा. वास्तु के अनुसार घर बनवाने से सूकून की नींद, सेहतमंद भोजन और प्यार- भरा अपनत्व मिलता है. व्यक्ति को नया घर लेने से पहले बहुत सोच-विचार करना चाहिए.

वास्तु के अनुसार, सबसे पहले व्यक्ति को घर ऐसी जगह पर बनवाना चाहिए जहां एक नदी, 5 तालाब, 21 बावड़ी और दो पहाड़ हो. मकान के एक सामने कोई खंभा और वृक्ष नहीं होना चाहिए. व्यक्ति को नया घर उत्तर दिशा में बनाना चाहिए क्योंकि इस दिशा में धन के स्वामी भगवान कुबेर का वास होता है और इस दिशा में ऊर्जा का स्तर भी सबसे ज्यादा होता है. घर के मुख्य प्रवेश द्वार से लेकर खिड़कियां,पानी के नल, किचन और बच्चों का स्टडी रुम भी उत्तर दिशा में होना चाहिए.लेकिन एक विशेष दिशा है जिससे हर किसी को बचना चाहिए. यह दिशा है-दक्षिण-पश्चिम. यह दिशा इसलिए शुभ नहीं है इससे घरों में विवाद और झगड़े बढ़े जाते है.

**स्मार्टफोन के जरिए घर की दिशा कैसे चेक कर सकते है**

सबसे पहले, व्यक्ति को अपने फोन के गूगल मैप पर क्लिक करना है.
नीचे दाएं कोने की तरफ उपलब्ध कंपास के आकार के आइकन पर जाना है.
फोन में उपलब्ध जीपीएस को चालू करना है.
सबसे आखिर में, व्यक्ति को घर के मध्य में स्थित दरवाजे की ओर मुंह करके खड़े हो जाना है जिससे दिशा का पता चल जाएगा.

## पेरेंटिंग

# मस्ती से भरी एक्टिविटी से करें बच्चों का मूड फ्रेश

❑ हर माता-पिता चाहते हैं कि उनका बच्चा तंदुरुस्त, हंसता, खेलता रहे. लेकिन रोजाना घर से स्कूल और स्कूल से घर आना जाना, कुछ एक्टिविटी करना. ऐसे में अधिकतर बच्चे परेशान हो जाते हैं और थका हुआ महसूस करते हैं. आप बच्चे की थकान को कम कर सकते हैं. आइए जानते हैं कुछ टिप्स के बारे में.

**बच्चे की थकान को करें कम :** स्कूल से घर आने के बाद आप बच्चे को थोड़ी देर रेस्ट करने के लिए कहे और पंखा चालू कर उसे बेड पर लेटा दें. आधे से एक घंटे के बाद आप उसे फ्रूट जूस या कुछ फ्रूट्स खाने के लिए दे सकते हैं. आप बच्चे को ड्राई फ्रूट्स भी दे सकते हैं. 1 घंटे बाद आप अपने बच्चों को होमवर्क करने के लिए कहें. ध्यान रहे जहां पर भी आपका बच्चा पढ़ाई करें, वहां का वातावरण शांत होना चाहिए और छोटे बच्चे को पढ़ाई के वक्त मोबाइल, कंप्यूटर, लैपटॉप जैसी चीजों से दूर रखना चाहिए. जैसे ही एक घंटे में बच्चे का होमवर्क कंप्लीट हो जाए. आप उसे कुछ एक्टिविटी के लिए बाहर दोस्तों के साथ भेज दें.

**भरपूर मात्रा में पानी पिलाएं :** इससे बच्चे का थोड़ा माइंड फ्रेश होगा और थकान भी कम होगी. ध्यान रहे आपके पूरे समय बच्चों को भरपूर मात्रा में पानी पिलाना होगा इससे बॉडी हाइड्रेट रहेगी और बच्चा थका हुआ महसूस नहीं करेगा. जब बच्चा बाहर अपने दोस्तों के साथ खेल कर वापस घर में आता है, तो आप उसकी पसंदीदा किताबें, टीवी शो, गिटार जैसी चीजें दे सकते हैं. जिसे कर वह अपना मूड फ्रेश कर सकता है और कुछ सीख सकता है.

**बच्चे के साथ बैठकर करें बातें :** इसके अलावा आप शाम के वक्त अपने बच्चे को अपने पास बैठकर कुछ समय उसके साथ बातें करें. अगर आपका बच्चा बहुत ज्यादा मोबाइल फोन का इस्तेमाल करता है, तो आप उसे मोबाइल फोन देना कम कर दें. स्कूल से आते ही सबसे पहले आप उसे सुला दें और अगर उसके पास मोबाइल फोन है, तो आप अपने बच्चों से फोन वापस ले लें.

**भरपूर नींद लेना जरूरी :** ध्यान रहे हर बच्चे को पूरे 7 से 8 घंटे की नींद लेना जरूरी होता है. आप अपने बच्चों को सुबह जल्दी उठा कर व्यायाम करा सकते हैं. इससे तनाव कम होगा और थकान भी नहीं होगी. इसके अलावा हर पेरेंट्स को अपने बच्चों की सुनना चाहिए, क्योंकि कई बार पेरेंट्स अपनी बातें रख देते हैं और बच्चों की बातें नहीं सुन पाते हैं. इससे पेरेंट्स अपने बच्चों को अच्छे से नहीं समझ पाते हैं.

## हेल्थ

# सिर्फ पैदल चलने वाले ये पांच वर्कआउट कर लें

### > आपका कार्डियो हो जाएगा ट्रांसफॉर्म

❑ तेज चलना या वॉक करना आसान एक्सरसाइजों में से एक है. लेकिन सिर्फ इतना करना आपकी फिटनेस के लिए काफी नहीं है. अगर आप वॉक करते हैं तो सही स्टेप या सही तरीके से करेंगे तो यह आपकी कार्डियो से कम नहीं है. तेज वॉक करने से आपको इसके कई सारे फायदे मिल सकते हैं. सिर्फ इतना ही नहीं अगर अच्छे तरीके से चलेंगे तो आपकी हड्डी को नुकसान नहीं होगा. वॉक के दौरान स्क्वाट, हिंज, लंज, पुश, पुल और लोकोमोशन. जोकि आपका शरीर के लिए फायदेमंद होता है.

हालांकि, वॉकिंग का फायदा तभी मिल पाता है, जब उसे सही तरीके से किया जाए. इसलिए जब भी वॉक पर निकलें तो कुछ बातों का ध्यान रखें. इससे सेहत अच्छी बनी रहेगी. आइए जानते हैं वॉकिंग के दौरान अक्सर लोग कौन सी गलतियां करते हैं. वॉक करने का पूरा फायदा उठाना चाहते हैं तो सबसे पहले बॉडी पॉश्चर में सुधार करें. बॉडी पॉश्चर सही रहने से सही तरह से सांस ले पाते हैं. पैदल चलते समय कभी भी शरीर को नीचे की तरफ न झुकाएं. इससे पीठ में तनाव आता है और संतुलन बिगड़ता है. बहुत से लोगों की आदत होती है कि पैदल चलते समय वे अपने हाथों को स्विंग नहीं करते हैं.

इससे चलने का पूरा फायदा उन्हें नहीं मिल पाता है. दरअसल, वॉक करने के दौरान हाथों को स्विंग करना अच्छा माना जाता है. इससे चलने की क्षमता में सुधार होती है और शरीर का संतुलन भी बना रहता है.

वॉक करने लिए लिए सही फुटवियर भी जरूरी होता है. अगर सही फुटवियर पहनकर वॉक नहीं करते तो इससे परेशानियां बढ़ सकती हैं. इसकी जह से पेट से जुड़ी समस्याएं भी पैदा हो सकती हैं. पैरों में छाले तक पड़ सकते हैं.

वॉक करते समय शरीर को हमेशा हाइड्रेट रखना चाहिए. इससे थकान और कमजोरी नहीं होती है. शरीर को हाइड्रेट नहीं रखने की वजह से मांसपेशियों में थकान और ऐंठन हो सकती है. इसलिए दिनभर पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए.

## हेल्थ

# खाली पेट दूध या दही लेने से क्या होता है?



❑ खाली पेट दूध या दही (योगर्ट) खाने से पेट फूलना, एसिडिटी या पेट खराब होने जैसी परेशानी हो सकती है. क्योंकि डेयरी में नैचुरल लैक्टिक एसिड होता है जो पेट में एसिड बनाती है. जिसके कारण पेट फूलने की परेशानी होती है. कभी-कभी दही में मौजूद हेल्दी बैक्टीरिया ओवरऑल हेल्थ के लिए फायदेमंद होता है जबकि कुछ लोगों को खाली पेट दूध पीने से हल्की एसिडिटी से राहत मिल सकती है. लेकिन आम तौर पर नाश्ते में दही खाना अच्छा माना जाता है. खासकर जिन लोगों को एसिडिटी या एसिड रिफ्लक्स की समस्या है. उनके लिए खाली पेट दही खाना फायदेमंद होता है. क्योंकि इसमें प्रोबायोटिक्स होते हैं. जो सीधे आपकी बड़ी आंत में जाते हैं.

**पेट के एसिड के साथ सहभागिता:** जब खाली पेट दही खाया जाता है. तो पेट में मौजूद एसिड दही में मौजूद कुछ लाभकारी बैक्टीरिया को मार सकता है. जिससे इसके प्रोबायोटिक लाभ कम हो जाते हैं. इसका मुकाबला करने के लिए दही को ओट्स या फलों जैसे कार्बोहाइड्रेट के साथ मिलाना बेहतर विकल्प हो सकता है.

**एसिडिटी का खतरा :** कुछ लोगों को खाली पेट दही खाने से एसिडिटी की समस्या हो सकती है. "यह आपके पेट वाले या एसिड रिफ्लक्स से पीड़ित लोगों के लिए विशेष रूप से सच है. दही में मौजूद लैक्टिक एसिड, खाली पेट के साथ मिलकर असुविधा या सूजन का कारण बन सकता है.

**पोषक तत्वों का अच्छा सोर्स:** सुबह सबसे पहले दही खाने से कैल्शियम, प्रोटीन और विटामिन बी जैसे ज़रूरी पोषक तत्व जल्दी मिलते हैं. दही पोषक तत्व से भरपूर होता है जो हड्डियों के स्वास्थ्य और मांसपेशियों की मरम्मत में मदद करते हैं.

**हाइड्रेटिंग और कूलिंग :** दही में पानी की मात्रा अधिक होती है. जो शरीर को हाइड्रेट करने में मदद करता है. खासकर गर्म मौसम में इसके प्राकृतिक कूलिंग गुण शरीर की गर्मी को कम कर सकते हैं और निर्जलीकरण को रोक सकते हैं.

## प्रॉमिस डे

# पार्टनर को दें प्रॉमिस डे का खास तोहफा

## खास पल बन जाएगा यादगार

❑ वैलेंटाइन डे के पांचवे दिन यानी 11 फरवरी को प्रॉमिस डे मनाया जाता है. इस दिन कपल्स अपने प्यार को पूरी जिंदगी निभाने का वादा करते हैं. वैलेंटाइन डे से पहले आने वाला प्रॉमिस डे अपने आप में बेहद खास होता है. लेकिन प्रॉमिस डे को आप अपनी पार्टनर को शानदार गिफ्ट देकर सरप्राइज कर सकते हैं. अगर आप गर्लफ्रेंड को इस प्रॉमिस डे पर खास तोहफे देना चाहते हैं, तो इस लिस्ट में कई बढ़िया गिफ्ट को देख सकते हैं. महिलाओं को ग्रूमिंग का काफी शौक होता है. अपने ब्यूटी किट या परफ्यूम जैसी लग्जरी आइटम को गिफ्ट कर सकते हैं. आइए आपको कुछ शानदार गिफ्ट आइडिया के बारे में बताते हैं.

**परफ्यूम :** इस प्रोमिस डे पर आप अपनी गर्लफ्रेंड को यह शानदार लग्जरी परफ्यूम दे सकते हैं. लिमिटेड



.एडिशन वाले इस परफ्यूम की खुशबू आपकी पार्टनर को काफी पसंद आएगी. इसमें आपको द गैलेरिया, ऑलिव इट, रनवे वो और इवनफॉल जैसे शानदार कलेक्शन मिल जाएंगे. इन तीनों की फ्लोरल वुडी फ्रेग्रेंस हमेशा फ्रेश फील करवाएगी. जब भी आपकी पार्टनर इस परफ्यूम को लगाएगी, आपकी याद जरूर आएगी.

**हेयर किट :** हर लड़की चाहती कि उसके बाल खूबसूरत लगें. आजकल खराब लाइफस्टाइल के कारण ज्यादातर लोगों में बालों से जुड़ी समस्या हो रही है. आप अपनी पार्टनर को ये हेयर किट भी दे सकते हैं. बालों की थिकनेस ऐर वॉल्यूम को बढ़ाने के लिए ये किट काफी अच्छी है. इसमें शैंपू, डे स्प्रे और नाइट सीरम होगा. ये गिफ्ट भी आपकी पार्टनर को काफी पसंद आएगा.

**रेडिएंस ट्रैवल किट :** बालों के साथ-साथ स्किन का ध्यान रखना भी काफी जरूरी है. खराब लाइफस्टाइल और प्रदूषण का असर हमारी त्वचा पर भी असर पड़ता है. ऐसे में आप अपनी पार्टनर को स्किन का ध्यान रखने के लिए ये रेडिएंस ट्रैवल किट गिफ्ट कर सकते हैं. इसमें क्लींजिंग जेल, फेस मिस्ट और मोइश्चराइजर मिल जाएगा. ये तीनों ही चीजें स्किन का निखार बनाए रखेंगी.


# शिव मधुकल्प और मधुसूदन डी-एक्स कैप



आयुर्वेद एक वरदानकारी शास्त्र है। इसमें वर्णित दवाएँ अमृततुल्य है। जो कि बिना किसी दुष्परिणामों से रोगी को स्वस्थ कराती है। शिव शंकर आयुर्वेद एजन्सी द्वारा निर्मित एवं वितरित शिव मधुकल्प सिरप और "मधुसुदन डी-एक्स कैप्सूल" एक ऐसी आयुर्वेदिय औषधि है जो कि मधुमेह में बढ़ी हुयी रक्तशर्करा को काफी हद तक नॉर्मल शुगर लेवल अर्थात फास्टिंग 80, पोस्ट्मील ब्लड शुगर 110-140 तक होने में शीघ्र मदत करता है. तथा दुष्परिणामों को भी रोकता है. सुबह शाम खाने के बाद यदि साथ में दिया जाये तो एक से दो महीने के अंदर उनकी ब्लड शुगर नार्मल शुगर में बदल सकती है. जिन लोगों को इंसुलिन या एलोपैथी मेडिसिन डायबिटीज के लिए शुरू है वह लोग भी अपनी एलोपैथिक मेडिसिन आयुर्वेदिक दवाओं की मदत से इन रोगों से छुटकारा पा सकते है। और साइड इफेक्ट्स से बच सकते है। इन आयुर्वेदिक दवाओं कि अच्छे रिजल्ट्स कई वर्षों से मधुमेह के पेशंटस में देखे गए है। तथापि इच्छुक पीडित रुग्ण इस प्रभावी औषधी का यथोचित लाभ उठाने के लिए अनुभवी चिकित्सक की सलाह प्राप्त कर इस दवा को अपनाए एवं मधुमेह से छुटकारा पाए.

पॅनल्स ऑफ डॉक्टर्स



डॉ. आकांशा रा. गुप्ता B.A.M.S, MD, (A.M) C.C.H, C.G.O, C.V.D

डॉ. पारुल मोहित गुप्ता B.A.M.S, PG-DEMS NDDY, CCNY, CCHC

डॉ. रचना मयूर गुप्ता B.A.M.S, MD,

डॉ.अतुल तेलरांदे B.A.M.S, MD, M.I.S.R (Mum), C.C.H, C.G.O, C.S.D, C.V.D

डॉ. विनोद तिवारी बी.ए.एम.एस, पी.ओ.डी.

शिवशंकर आयुर्वेद एजन्सी

सीताबर्डी स्थित शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में इन दूरध्वनी क्रमांको पर संपर्क स्थापित करें 9112079000/8605245080.


**नागपुर मेट्रो समाचार :** फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
नागपुर, रविवार, 9 फरवरी 2025



# सरकारी आदिवासी आश्रम स्कूल में रुककर अधिकारियों ने बिताया समय

## > 'बच्चों के साथ संवाद अभियान' के साथ आश्रम स्कूल का निरीक्षण

**चंद्रपुर, सुनील तायडे**





राज्य के आदिवासी विकास मंत्री तथा चंद्रपुर जिले के पालकमंत्री डॉ. अशोक उइके के निर्देश पर चंद्रपुर जिले के वरिष्ठ प्रशासकीय अधिकारी 'संवाद चिमुकल्यांशी अभियान' के तहत सरकारी आदिवासी आश्रम स्कूल में रुके थे, पालकमंत्री निर्देश से 7 फरवरी को लागू किया गया था। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से चर्चा की तथा आश्रम शाला एवं छात्रावास का निरीक्षण किया।

राज्य में आदिवासी विकास विभाग के अंतर्गत कुल 497 सरकारी आश्रम स्कूल संचालित हैं। इस आश्रम स्कूल और छात्रावास में आदिवासी छात्रों के लिए उपलब्ध सुविधाओं, छात्रों के सामने आने वाली कठिनाइयों के बारे में जानने और उनसे बातचीत करने के लिए 7 फरवरी, 2025 को 'संवाद चिमुकल्यांशी' अभियान शुरू किया गया था। इसके तहत आदिवासी विकास मंत्री के निजी सचिव ललित कुमार व-हाड़े ने राजुरा तालुका के देवाडा में सरकारी आदिवासी आश्रम स्कूल का दौरा किया, जबकि एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना, चंद्रपुर के परियोजना अधिकारी विकास राहेलवार और विशेष कर्तव्य अधिकारी वाडेकर जिवती तालुका के पाटन स्थित सरकारी आदिवासी आश्रम स्कूल में रहे।

निजी सचिव ललित कुमार व-हाड़े ने देवाड़ा स्थित आश्रम स्कूल में कक्षा 5 वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थियों से बातचीत की। उन्होंने कक्षाओं, लड़कों और लड़कियों के छात्रावासों, भंडार कक्षों, रसोईघरों, शौचालयों, पुस्तकालय, अध्ययन कक्षों, प्रयोगशालाओं, खेल के मैदानों और आसपास के क्षेत्र का भी निरीक्षण किया। दिलचस्प बात यह है कि उन्होंने बच्चों के साथ ही खाना खाया और उनके साथ भोजन का आनंद भी लिया। व-हाडे ने दौरा किया और निरीक्षण भी किया.

आगामी 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं की पृष्ठभूमि में विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए व-हाडे ने कहा कि, छात्रों को नियमित रूप से अध्ययन करना चाहिए और प्रगति करनी चाहिए। साथ ही अपनी प्रतिभा का विकास करें और उत्कृष्ट व्यक्तित्व का निर्माण करें। उन्होंने शिक्षकों और प्रधानाचार्य से विद्यार्थियों की गुणवत्ता सुधारने तथा स्कूल की प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास करने की अपील की। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम और आदिवासी नृत्य भी प्रस्तुत किये।

**परियोजना अधिकारियों का पाटन के आश्रम स्कूल में निरीक्षण.**

7 फरवरी को 'बच्चों से संवाद' पहल के अंतर्गत एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना चंद्रपुर कार्यालय के परियोजना अधिकारी विकास राचेलवार ने शासकीय माध्यमिक आश्रम स्कूल पाटन में एक दिन का दौरा किया। उन्होंने पूरे दिन छात्रों के साथ बातचीत की, सुबह स्कूल की दिनचर्या से लेकर रात में बच्चों की पढ़ाई तक। इस दौरे के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से बातचीत की, उनकी समस्याओं को समझा तथा स्कूल में अन्य बुनियादी सुविधाओं का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने कहा कि वे आदिवासी छात्रों की सर्वांगीण प्रगति के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने छात्रों के साथ दोपहर और रात्रि भोजन का आनंद लिया।

# राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज का हर शब्द परिवर्तन का मंत्र है: विधायक जोरगेवार

## > नागाला में राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज का स्मरणोत्सव कार्यक्रम आयोजित

**चंद्रपुर.**



राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज सिर्फ एक संत ही नहीं थे , बल्कि सामाजिक जागरूकता पैदा करने वाले एक क्रांतिकारी विचारक थे। उनके जयघोष , कीर्तन और विचारों में समाज को बदलने की शक्ति थी। उन्होंने अपने कीर्तन के माध्यम से समाज में अन्याय , अंधविश्वास , असमानता और गरीबी के खिलाफ लड़ाई लड़ी । विधायक किशोर जोरगेवार ने कहा कि उनका हर शब्द परिवर्तन का मंत्र है ।

राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज की स्मृति में सामुदायिक प्रार्थना मंडल द्वारा नागाला में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस समय विधायक जोरगेवार बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में राकेश पिंपलकर , स्वाति काकड़े , अमोल शेंडे , गजानन निखाड़े , दीपक ठाकरे , बंडू डाखोरे , नकुल वासमवार , रशीद हुसैन और अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

इस समय जोरगेवार ने कहा कि राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज ने अपनी ग्राम गीता में गांवों के विकास और आत्मनिर्भरता पर जोर दिया है। उनका यह विचार कि गांव सुधरेगा तो देश सुधरेगा, आज भी उतना ही महत्वपूर्ण है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान उन्होंने सार्वजनिक शिक्षा और सामाजिक परिवर्तन पर ध्यान केंद्रित किया।

आज समाज में विभाजनकारी प्रवृत्तियाँ बढ़ रही हैं , अंधविश्वास और असहिष्णुता फैल रही है। ऐसे समय में हमें राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज के विचारों को आचरण में लाना होगा तथा समाज सुधार और सामाजिक एकता के लिए काम करना होगा , ऐसा विधायक किशोर जोरगेवार ने इस अवसर पर कहा।

गुरुदेव सेवा मंडल राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का महान कार्य कर रहा है। गुरुदेव सेवा मंडल की शाखाएं हर क्षेत्र में शुरू हो गई हैं और उनके माध्यम से सामाजिक परिवर्तन का सराहनीय कार्य किया जा रहा है। हम इस कार्य में आने वाली कठिनाइयों से अवगत हैं। जनता के प्रतिनिधि के रूप में हमने इस नेक कार्य में यथासंभव सहयोग करने का प्रयास किया है। साखरवाही में राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज की प्रतिमा के सौंदर्यीकरण के लिए धनराशि उपलब्ध कराई गई है। विधायक किशोर जोरगेवार ने यह भी कहा कि ताड़ाली में 50 लाख रुपये और घुग्घुस में 30 लाख रुपये की निधि से भव्य सामुदायिक भवन का निर्माण किया जा रहा है ।

हमें राष्ट्रीय संतों के कार्यों को सिर्फ श्रद्धांजलि देने तक सीमित रखने के बजाय उनके विचारों के अनुरूप समाज में शिक्षा, स्वच्छता , स्वावलंबन और भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए । यह उनकी स्मृति के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी यदि आज का युवा उनके विचारों को अपनाए और राष्ट्र की भलाई के लिए काम करे।

# नगर निगम आयुक्त की जांच और तबादले की जन विकास सेना की मांग

## > जन विकास सेना की जिला जिलाधिकारी से अपील

**चंद्रपुर.**



जन विकास सेना ने चंद्रपुर नगर निगम आयुक्त विपिन पालीवाल का तत्काल स्थानांतरण करने और उनके खिलाफ सख्त विभागीय जांच की मांग की है। संस्थापक अध्यक्ष पप्पू देशमुख और जन विकास सेना के इमदाद शेख, प्रफुल बैरम और अमोल घोड़मारे के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी विनय गौड़ा से मुलाकात की और एक लिखित पत्र में यह मांग की। जन विकास सेना ने आरोप लगाया है कि आयुक्त पालीवाल ने कई परियोजनाओं में करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार किया है। इस बैठक के दौरान जिलाधिकारी के माध्यम से सरकार से मांग की गई कि नगर निगम आयुक्त पालीवाल का तत्काल तबादला किया जाए, क्योंकि नगर निगम में बढ़े भ्रष्टाचार व कुप्रबंधन के लिए वे ही जिम्मेदार हैं तथा उनके कार्यकाल के दौरान हुई सभी गतिविधियों की गहन व निष्पक्ष जांच आवश्यक है। जिलाधिकारी को यह भी बताया गया कि नगर निगम में व्याप्त कुप्रबंधन एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ शीघ्र ही जन आंदोलन शुरू किया जाएगा। अमृत जलापूर्ति एवं भूमिगत सीवरेज योजना में भ्रष्टाचार की शिकायत.

ठेकेदार मेसर्स ने 234 करोड़ रुपए की लागत वाली प्रथम अमृत जलापूर्ति योजना के लिए टूटी सड़कों की मरम्मत, कार्य पूर्ण होने के एक वर्ष बाद तक योजना का संचालन आदि कार्य पूर्ण नहीं किए थे। संतोष एजेंसी को भुगतान कर दिया गया। 270 करोड़ रुपए की लागत वाली दूसरी अमृत जलापूर्ति योजना को मंजूरी देने में कई नियमों को दरकिनार कर दिया गया। नई अमृत भूमिगत सीवर योजना का आरंभिक बजट 450 करोड़ रुपये था। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद आयुक्त पालीवाल ने महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण के अधिकारियों से हाथ मिलाकर अनुमानित लागत बढ़ा दी। लगभग 450 करोड़ रुपये का काम ठेकेदार को 506 करोड़ रुपये में दिया गया। पूर्व नगरसेवक देशमुख का आरोप है कि ठेकेदार को इस काम के शुरुआती दौर में 50 करोड़ रुपए का लाभ हुआ।

**आयुक्त का अतीत पूरी तरह से विवादास्पद है।**

बल्लारपुर नगर पालिका के मुख्य अधिकारी के रूप में कार्य करते समय पालीवाल पर कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं के खिलाफ झूठी पुलिस शिकायत दर्ज करने का आरोप लगाया गया था, जो नगर पालिका में भ्रष्टाचार को उजागर करने का प्रयास कर रहे थे। वर्धा नगरपालिका में उनका कार्यकाल विवादास्पद रहा। अब तक उनके खिलाफ सरकार में कई शिकायतें दर्ज की जा चुकी हैं। आरोप है कि चंद्रपुर नगर निगम ने ब्लू जोन में अतिक्रमण या अवैध निर्माण को हटाते समय चयनात्मक और भेदभावपूर्ण कार्रवाई की है। नीली बाढ़ रेखा के भीतर कई मध्यम वर्गीय संरचनाएं ध्वस्त कर दी गईं। साथ ही, उन पर अमीर और ताकतवर लोगों द्वारा अवैध निर्माण को संरक्षण देने का भी आरोप है। देशमुख ने आरोप लगाया कि आयुक्त पालीवाल की कार्यप्रणाली लोकसहभाग़ के जरिए विभिन्न गतिविधियों को क्रियान्वित कर जनता के मन में अपनी छवि को प्रचारित करना और इस छवि की आड़ में करोड़ों रुपए का गबन करना है।

# बाघ शिकार मामले के आरोपी न्यायिक हिरासत में

**राजुरा, संतोष कुंदोजवार**



बाघ शिकार मामले के सभी आरोपियों अजीत सियालाल पारधी, इंजेक्शन, रीमा, रबीना, सेवा, लालनिसुंग, सोनू सिंह को राजुरा की अदालत में पेश किया गया और अदालत ने उन्हें 20 फरवरी तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

इस बीच, खुफिया जानकारी के आधार पर, डब्ल्यूसीसीबी और महाराष्ट्र वन विभाग के सदस्यों की एक संयुक्त टीम ने चल रही जांच के सिलसिले में शिलांग निवासी निंगसान लून को गिरफ्तार किया है।

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम और राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लिमिटेड द्वारा गठित पांच सदस्यीय विशेष जांच दल जांच की निगरानी और समन्वय कर रहा है तथा इस अपराध से संबंधित वन्यजीव वस्तुओं के अवैध शिकार और व्यापार से जुड़े संबंधों को स्थापित करने में चंद्रपुर में वन विभाग को आवश्यक सहायता प्रदान कर रहा है। विवेक खांडेकर, सीडब्ल्यूएलडब्ल्यू, महाराष्ट्र और जितेंद्र रामगांवकर, सीसीएफ चंद्रपुर और पीयूषा जगताप, डीडी बफर, टीएटीआर के मार्गदर्शन में 12 सदस्यीय एसआईटी आगे की जांच कर रही है।

एसआईटी का नेतृत्व मध्य चांदा वन प्रभाग की उप वन संरक्षक स्वेता बोड्डू कर रही हैं और इसका नेतृत्व उप प्रभागीय वन अधिकारी पवन कुमार जोंग, उप वन संरक्षक सचिन शिंदे, उप वन संरक्षक बापू येले, सहायक वन संरक्षक वन्यजीव आदेश शेंडगे, एडवोकेट वेणु गोपाल और सहायक वन संरक्षक महेश गायकवाड़, वन परिक्षेत्र अधिकारी राजुरा सुरेश येलकवाड़, वन अधिकारी मोहुरली अरुण गोंड, आकाश सारदा और शाहबाज शेख और विशेष बाघ संरक्षण बल, टीएटीआर कर रहे हैं।

# अमेरिका के बुरे बर्ताव पर गढ़चिरोली जिला कांग्रेस कमेटी का विरोध आंदोलन





**गढ़चिरोली** : अमेरिकी सरकार द्वारा भारतीय प्रवासियों को बेड़ियों में जकड़कर अमेरिका भेजना और फिर सैन्य विमान से उन्हें वापस भारत भेजना बहुत ही अपमानजनक और अमानवीय कृत्य है। वैश्विक स्तर पर भारतीय लोगों के साथ अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है, वहीं भारत सरकार के मंत्री इस पर चुप हैं। अमेरिकी सरकार के खिलाफ सरकार द्वारा कोई भी स्टैंड न लेने और मोदी सरकार की निष्क्रियता के विरोध में गढ़चिरौली जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से जिला अध्यक्ष महेंद्र ब्राह्मणवड़े के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया।

इस अवसर पर महाराष्ट्र राज्य युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव एड. विश्वजीत कोवासे, शहर अध्यक्ष सतीश विधाते, तालुका अध्यक्ष वसंत राऊत, मिलिंद खोबरागड़े, प्रमोद भगत, प्रशांत कोराम, डॉ.पप्पू हकिम, युवा कांग्रेस अध्यक्ष नितेश राठौड़, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ अध्यक्ष रजनीकांत मोटघरे, परिवहन प्रकोष्ठ अध्यक्ष रूपेश टिकले, घनश्याम वधई, मुस्ताक हाकिम, नेताजी गवतुरे, अनिल कोठारे, प्रभाकर वासेकर, दिलीप घोडाम, पूर्व जिला परिषद सदस्य कविता भगत, योगेंद्र जंजाल, महेंश जिलेवार, अनिल किरमे, मुन्ना गोंगले, कमलेश खोबरागड़े, जावेद खान, सर्वेश पोपट, चारु पोहने, गणेश उपलवार, स्वप्निल बेहरे, रोशन कोहाले, राहुल वैरागड़े सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।




# प्रियंका ने वेडिंग इवेंट में पहना 12 करोड़ का नेकलेस



प्रियंका चोपड़ा पिछले कुछ दिनों से भारत में हैं. वो अपने भाई सिद्धार्थ चोपड़ा की शादी में शामिल होने के लिए अपने देश आई हैं. सिद्धार्थ और नीलम उपाध्याय के शादी के हर फंक्शन में प्रियंका चोपड़ा ने अपने स्टाइल सेंस से फैंस का दिल जीत लिया. सिद्धार्थ और नीलम ने सात फरवरी यानी बीते रोज़ शादी की. इस दौरान कई खास मेहमान शादी में शामिल हुए. पर इन सब के बीच प्रियंका चोपड़ा के एक नेकलेस की अब जमकर चर्चा हो रही है.

प्रियंका चोपड़ा ने भाई सिद्धार्थ के मेहंदी बुलगारी ज्वैलरी पहनी थी. खास कर उनके नेकलेस पर फैंस की निगाहें गईं तो सब हैरान रह गए. रिपोर्ट में बताया है कि भाई के मेहंदी सेरेमनी में प्रियंका चोपड़ा ने जो नेकलेस पहना था, उसकी कीमत 10-12 करोड़ रुपये के बीच है. मेहंदी सेरेमनी में प्रियंका ने कस्टम कोरसेट लहंगा पहना था, जिसे राहुल मिश्रा ने डिजाइन किया था. प्रियंका का स्टाइल किसी ग्लोबल स्टार जैसा ही था. उनके ग्लैमर के आगे हर कोई फीका नजर आ रहा था.

नीलम और सिद्धार्थ की शादी 7 फरवरी को हुई. इस शादी में प्रियंका का पूरा परिवार मौजूद रहा. प्रियंका बेटी मालती के साथ शादी में आई थीं. बाद में निक जोनास, उनके माता पिता पॉल जोनास सीनियर और डेनिस मिलर जोनास भी पहुंचे. इस शादी में प्रियंका की कजिन परिणीति चोपड़ा पति राघव चड्ढा के साथ पहुंची थीं.

# यामी गौतम ने मीडिया से बेटे को रखा दूर



बॉलीवुड एक्ट्रेस यामी गौतम पिछले साल मां बनी थीं, और अब तक उन्होंने अपने बेटे को मीडिया और सोशल मीडिया की नजरों से दूर रखा है, यामी और उनके पति, फिल्ममेकर आदित्य धर ने यह फैसला किया है, कि वे अपने बेटे की प्राइवेसी को बनाए रखेंगे, और आगे भी उसे लाइमलाइट से दूर रखना चाहेंगे. यामी गौतम और आदित्य धर के बेटे वेदाविद का जन्म 10 मई 2023 को हुआ था. बेटे के जन्म के बाद यामी ने कुछ समय के लिए फिल्मों से ब्रेक लिया था, ताकि वह अपने मदरहुड के इस नए सफर को पूरी तरह से जी सकें.

हाल ही में दिए अपने एक इंटरव्यू में यामी ने बताया कि मां बनने के बाद उनकी जिंदगी पूरी तरह बदल गई है. उन्होंने कहा, "मुझे लगता है, कि जब आप मां बनते हैं, तो यह पूरी तरह से एक नया अनुभव होता है. यह जिंदगी का सबसे खूबसूरत एहसास है, लेकिन इसके लिए आप कभी भी पूरी तरह तैयार नहीं होते. मां बनने की खुशी अनमोल है, यह आपको दुनिया के टॉप पर होने का अहसास कराती है."

यामी ने आगे कहा, "जब आपका बच्चा आपको अपनी बड़ी-बड़ी आंखों से देखता है, और आपसे सिर्फ प्यार चाहता है, तो वह पल सबसे खास होता है. उसके साथ बैठना, उसे देखना और कुछ भी ना करना, यह एहसास ही बहुत खूबसूरत होता है."आज के समय में सेलेब्रिटी बच्चे अकसर सुर्खियों में रहते हैं, लेकिन यामी और आदित्य ने अपने बेटे को मीडिया से दूर रखने का फैसला किया है. उन्होंने साफ कहा, "आप उसे नहीं देखोगे. यह मेरी और आदित्य की पर्सनल चॉइस है. हम चाहते हैं, कि वह एक सामान्य बचपन जिए, जैसे बाकी बच्चे जीते हैं. हम नहीं चाहते कि वह बचपन से ही लाइमलाइट में आए, बल्कि अपनी लाइफ को पूरी तरह एंजॉय करे."

मदरहुड एंजॉय करने के बाद यामी गौतम अब फिल्म 'धूम धाम' से सिल्वर स्क्रीन पर वापसी करने को तैयार हैं. इस फिल्म को रिषभ शेट्टी डायरेक्ट कर रहे हैं, जबकि इसके प्रोड्यूसर आदित्य धर हैं. फिल्म में यामी के साथ प्रतीक गांधी भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे.

# निरहुआ ने लगाई संगम में डुबकी

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में अभी तक कई बॉलीवुड और भोजपुरी स्टार्स शिरकत कर चुके हैं. इस लिस्ट में अब दिनेश लाल यादव का नाम भी शामिल हो चुका है. भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार हाल ही में प्रयागराज पहुंचे. जहां उन्होंने संगम में आस्था की डुबकी लगाई. इसका वीडियो भी उन्होंने फैंस के साथ शेयर किया है. जो अब तेजी से वायरल हो रही है. दिनेश लाल यादव ने अपने इंस्टाग्राम पर महाकुंभ से दो वीडियोज शेयर किए हैं. इसमें से पहले वीडियो में वो हाथ जोड़कर संगम में डुबकी लगाते हुए दिखाई दिए. एक्टर ने इस दौरान पीले रंग की धोती और गले में गमछा भी पहना हुआ है. एक्टर की इस वीडियो पर अब उनके फैंस खूब प्यार बरसा रहे हैं. अपने फेवरेट स्टार्स को इस अंदाज में देखकर यूजर्स काफी खुशी भी नजर आ रहे हैं. वहीं दूसरी वीडियो में दिनेश लाल यादव कुर्सी पर बैठकर चाय पीते हुए सर्दी की धूप का आनंद लेते हुए नजर आ रहे हैं. वीडियो के बैकग्राउंड में एक्टर ने सिंगर कैलाश खेर का गाने 'चलो कुंभ चलें' लगाया है. निरहुआ का ये वीडियो भी उनके फैंस काफी ज्यादा पसंद कर रहे हैं. वीडियो को शेयर करते हुए एक्टर ने लिखा कि, 'चलो कुंभ चलो..तीर्थराज प्रयागराज.' बता दें कि दिनेश लाल यादव भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार हैं. जो अभी तक कई सुपरहिट फिल्मों में काम कर चुके हैं.वहीं दिनेश लाल से पहले राजकुमार राव पत्नी पत्रलेखा के साथ प्रयागराज पहुंचे थे. इनके अलावा सुनील ग्रोवर, गुरु रंधावा, अनुपम खेर, भाग्यश्री, रेमो डिसूजा, सिद्धार्थ निगम, प्रियंका चोपड़ा की मां मधु चोपड़ा, तनीषा मुखर्जी, ममता कुलकर्णी और ईशा गुप्ता समेत कई स्टार्स संगम में स्नान कर चुके हैं.


# मलाइका के बॉसी लुक पर भारी पड़ा राशा का स्टाइलिश अवतार



बॉलीवुड इंडस्ट्री में इन दिनों रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी की धूम देखने के लिए मिल रही है. राशा की डेब्यू फिल्म आजाद सिनेमाघरों में बेशक फ्लॉप साबित हुई, लेकिन इस फिल्म में एक्ट्रेस के काम को काफी पसंद किया गया. राशा का डांस और उनका स्टाइल लोगों को दीवाना कर रहा है. तभी तो अब एक्ट्रेस बाकी बॉलीवुड स्टार्स की पॉपुलैरिटी को मात देती दिख रही हैं. बीती रात राशा ने मलाइका अरोड़ा से भी लाइमलाइट चुरा ली. उनकी लेटेस्ट फोटोज अब सोशल मीडिया पर धमाल मचा रही हैं. बीती रात राशा थडानी मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट हुई. राशा के लुक और उनके स्टाइल ने इस मौके पर पैपराजी का ध्यान खींच लिया. बदले में एक्ट्रेस ने भी पैपराजी को भर-भरकर पोज दिए.

इसी मौके पर मलाइका अरोड़ा भी एयरपोर्ट पर स्पॉट हुईं. एक्ट्रेस ने अपने बॉसी लुक से हर किसी को इंप्रेस कर दिया. मलाइका के इस लुक की तारीफ हर तरफ हो रही हैं, लेकिन लोगों ने मलाइका से ज्यादा राशा को सुंदर बता दिया.एक्ट्रेस ने अपना लुक खुले बालों के साथ आंखों पर काला चश्मा लगाकर पूरा किया. राशा ने इस मौके पर पैपराजी को एक से बढ़कर एक पोज दिए. वह अपनी किलर स्माइल से सबको इंप्रेस करती दिखीं. वहीं, मलाइका अरोड़ा के लुक पर ध्यान दें तो एक्ट्रेस ऑल व्हाइट लुक में कमाल की लगीं. मलाइका एयरपोर्ट पर बॉसी अंदाज में स्पॉट हुईं. मलाइका के इस लुक की तारीफ सोशल मीडिया पर हो रही हैं. हर

# नागा चैतन्य ने समांथा के रिश्ते पर किया खुलासा



साउथ एक्टर नागा चैतन्य अक्सर ही अपनी प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा पर्सनल लाइफ लोगों के बीच चर्चा में बनी रहती है. खासकर ये तब से ज्यादा हो रहा है, जब से नागा और समांथा के अलग होने की खबरें सामने आनी शुरू हुई थी. साल 2021 में समांथा और नागा ने एक-दूसरे से तलाक ले लिया था, जिसके बाद पिछले साल एक्टर ने दूसरी शादी रचा ली. अब नागा अपनी जिंदगी में आगे बढ़ते और अपनी नई जिंदगी के बारे में बात करते नजर आ रहे हैं.

नागा चैतन्य फिलहाल अपनी अपकमिंग फिल्म 'थंडेल' को लेकर चर्चा में हैं. इस फिल्म में उनकी लीड एक्ट्रेस साई पल्लवी हैं. फिल्म के प्रमोशन के दौरान जब एक्टर से उनकी पर्सनल लाइफ के बारे में सवाल किया गया, तो उन्होंने जवाब दिया कि वो और उनकी एक्स वाइफ यानी समांथा दोनों ही अपनी जिंदगी में आगे बढ़ चुके हैं. आगे उन्होंने कहा कि हम दोनों ही अपने-अपने तरीके से आगे बढ़ना चाहते थे, और अब आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन मुझे अभी भी नहीं समझ आता कि लोगों को अभी भी इसमें किस बात की एक्सप्लेनेशन चाहिए.

आगे एक्टर ने अपनी बात रखते हुए कहा कि हम दोनों अपनी जिंदगी जी रहे हैं, मां बहुत खुश हूं कि मुझे दोबारा प्यार मिला. उन्होंने आगे कहा कि मैं समांथा कि बहुत रिस्पेक्ट करता हूं. ऐसा नहीं है कि ये केवल मेरे साथ ही हो रहा है, तो लोग मेरे साथ क्रिमिनल जैसा बर्ताव क्यों कर रहे हैं. हमारी जिंदगी लोगों के बीच एक गॉसिप का टॉपिक बन चुकी है. उन्होंने समांथा के साथ अपना रिश्ता खत्म होने के बारे में बात करते हुए कहा कि मैं एक टूटे हुए फैमिली से आता हूं, तो मुझे पता है कि वो फीलिंग कैसी होती है. इसलिए, हमने जो भी फैसला लिया था, सभी को बताकर और सोच समझ कर लिया गया था.

# अमीषा और ममता के बीच आई थी हाथापाई की नौबत?



ममता कुलकर्णी 90 के दशक की बड़ी एक्ट्रेस के तौर पर जानी जाती हैं, हालांकि वो लंबे वक्त से इंडस्ट्री और देश से दूर रही हैं. लेकिन पिछले साल एक्ट्रेस 23 साल के बाद वापस इंडिया लौट आई, जिसके बाद से उन्होंने आते ही सुर्खियां बटोरना शुरू कर दी. हाल ही में उन्होंने चकाचौंध की दुनिया को छोड़कर अध्यात्म का रास्ता अपना लिया. हालांकि, महाकुंभ में उन्हें किन्नर अखाड़ा के महामंडलेश्वर का पद दिया गया था, लेकिन विवादों के चलते उनसे ये पद वापस ले लिया गया. फिल्मी दुनिया की बात करें, तो एक्ट्रेस हमेशा ही किसी न किसी कॉन्ट्रोवर्सी से जुड़ी रही हैं.

ममता कुलकर्णी का एक विवाद अमीषा पटेल के साथ भी काफी चर्चा में रहा है. ये विवाद एक पार्टी के दौरान शुरू हुआ था, उस वक्त पर ममता फिल्म इंडस्ट्री का बड़ा नाम बन चुकी थी. एक इंटरव्यू में बात करते हुए एक्ट्रेस ने इस विवाद के बारे में बात की. दोनो एक्ट्रेस का विवाद इतना ज्यादा बढ़ चुका था कि दोनों हाथापाई पर उतर आए थे. जब ममता से इस बारे में पूछा गया , तो उन्होंने कहा कि ये बात सच है.

एक्ट्रेस ने पूरी घटना के बारे में बात करते हुए कहा कि हम सभी एक ऐडवर्टीजमेंट की शूटिंग के लिए 5,6 दिनों से एक लोकेशन पर गए हुए थे. दिन में शूटिंग होती थी और रात में बुफे स्टाइल में डिनर सर्व किया जाता है, इसमें नॉनवेज भी रखा गया था लेकिन किसी में लेबल नहीं लगे थे. एक्ट्रेस ने वाकया बताते हुए कहा कि जब वो खाने गई तो उन्होंने नॉनवेज उठाया और खाने लगीं. हालांकि, उन्होंने बताया कि जब उन्होंने खाना शुरू कर दिया तो चबाने में काफी दिक्कत हो रही थी.

एक्ट्रेस ने तुरंत वहां पर पूछा कि ये खराब है, मैं इसे चबा नहीं पा रही हूं, तो इस पर उन्हें पता चला कि ये हिरण का मांस है. इसके बाद उनको कहा कि अगली बार सभी खाने पर लेबल लगाया जाए. क्योंकि हम सभी चिकन, फिश और मटन खाते हैं पर हिरण कौन खाता है. उनकी इस बात को सुनते ही वहां मौजूद अमीषा पटेल ने कहना शुरू कर दिया कि इन हीरोइनों के इतने नखरे होते हैं, तुम लोगों को राई का पहाड़ बनाने की आदत है. जिसके बाद ममता की असिस्टेंट ने उससे पूछा कि तुम कौन हो.

हालांकि, ममता ने इंटरव्यू के दौरान बताया कि उन्होंने इस विवाद में ज्यादा कुछ नहीं कहा था. लेकिन कई जगह ये बताया गया था एक्ट्रेस ने अमीषा से गुस्से में कहा था कि तेरी औकात क्या है? मेरी फीस 15 लाख रुपये है और आपकी 1 लाख रुपये. लेकिन ये पूछे जाने पर ममता ने इनकार कर दिया. साथ ही उन्होंने ये कहा कि आपको यह भी नहीं पता कि उसने क्या कहा, लेकिन ऐसा हुआ था.

# 'बैडऐस रविकुमार' ने निकाला बजट का 125%



रविकुमार की खाली बंदूक से भी गोली चलती है..., बैडऐस रविकुमार हिमेश रेशमिया का ये डायलॉग सच साबित हो चुका है. फिल्म को 7 फरवररी सिनेमाहॉल में रिलीज किया गया.

फिल्म के साथ साउथ के स्टार नागा चैतन्य की थंडेल, आमिर खान के बेटे जुनैद खान की लवयापा और अजित कुमार की विदामुयार्ची भी रिलीज हुईं, लेकिन रविकुमार की फिल्म इनसे बिना कंपटीशन के ही बॉक्स ऑफिस पर बढ़िया कमाई कर रही है.

हिमेश रेशमिया की फिल्म ने सैक्निल्क के मुताबिक, पहले दिन 2.75 करोड़ रुपये की ओपनिंग ली. फिल्म की दूसरे दिन की कमाई से जुड़े शुरुआती आंकड़े भी सामने आ चुके हैं और फिल्म ने 4:15 बजे तक 0.92 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है. फिल्म का टोटल कलेक्शन 3.67 करोड़ रुपये हो चुका है. हालांकि, ये आंकड़े फाइनल नहीं हैं. इनमें अभी बदलाव हो सकता है. फिल्म के साथ लवयापा भी रिलीज हुई लेकिन इस फिल्म का ओपनिंग डे कलेक्शन बैडऐस रविकुमार से कम रहा. फिल्म ने पहले दिन सिर्फ 1.25 करोड़ रुपये ही कलेक्ट किए जबकि बैडऐस रविकुमार ने 2.75 करोड़ कमाए थे. दूसरे दिन की कमाई में भी बैडऐस रविकुमार जुनैद खान की फिल्म पर भारी पड़ती दिख रही है.

बैडऐस रविकुमार को सिर्फ 20 करोड़ रुपये के बजट में तैयार किया गया है. कई रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म के लिए हिमेश रेशमिया ने न तो एक्टिंग फीस चार्ज की है और न ही सिंगिंग या म्यूजिक फीस. इस तरह से फिल्म का टोटल 20 करोड़ का बजट कम हो गया. फिल्म के कई गाने पहले ही चार्टबस्टर बन चुके हैं और अलग-अलग प्लैटफॉर्म से पैसे कमा रहे हैं. फिल्म का ट्रेलर 83 करोड़ बार देखा जा चुका है. अब फिल्म की आज की कमाई जोड़ दें तो जो 20 करोड़ रुपये मेकर्स ने बचाए और आज की कमाई मिलाकर ये करीब 24 करोड़ पहुंचता है. यानी फिल्म 4 करोड़ के फायदे में आ चुकी है.फिल्म में हिमेश रेशमिया के साथ जितने भी एक्टर्स हैं सभी मंझे हुए कलाकार हैं. जैसे जॉनी लीवर, संजय मिश्रा, प्रभु देवा और कृति कुल्हाड़ी और सौरभ सचदेवा. फिल्म को कीथ गोम्स ने डायरेक्ट किया है जिसे 80s

## अमिताभ ने किया क्रिप्टिक पोस्ट - लिखा-जाने का समय आ गया..

बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन 82 साल की उम्र में भी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। वह अक्सर अपनी किस्से कहानियां, फिल्मों और विचारों से जुड़े पोस्ट शेयर करते रहते हैं। उनकी हर एक पोस्ट फैंस के बीच चर्चा का विषय बन जाता है। लेकिन इस बार उनका एक पोस्ट लोगों को परेशान कर गया। आइए जानते हैं, आखिर अमिताभ बच्चन ने ऐसा क्या लिखा दिया कि उनके फैंस को एक्टर की चिंता सताने लगी।

अमिताभ बच्चन जो पोस्ट किया है उसके बाद सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई। शुक्रवार रात 8:34 बजे अमिताभ बच्चन ने पहले ट्विटर पर लिखा- जाने का समय आ गया है। इस पोस्ट को देखते ही फैंस घबरा गए और तरह-तरह के कयास लगाने लगे। बिग बी का यह पोस्ट देख किसी ने इसे उनकी सेहत से जोड़कर देखा तो किसी ने काम से।

# 'स्काई फोर्स' के पास बचा है आखिरी मौका




-अक्षय कुमार के लिए चुनौती!

अक्षय कुमार और वीर पहाड़िया की फिल्म स्काई फोर्स को 24 जनवरी को गणतंत्र दिवस से 2 दिन पहले रिलीज किया गया तो उम्मीदें थीं कि करीब 4 साल बाद अक्षय कुमार के खाते में कोई बड़ी हिट आने वाली है. शुरुआती कलेक्शन देखकर ये उम्मीदें सच होती दिखीं.

लेकिन पहले वीकेंड के बाद से ही फिल्म के कलेक्शन में गिरावट दिखने लगी. दूसरे वीकेंड में फिल्म ने फिर से रफ्तार पकड़ी तो वीकडेज में आते ही फिल्म एक डेढ़ करोड़ के आंकड़ों पर आकर रुकने लगी.

अब फिल्म अपने तीसरे वीकेंड में एंट्री कर चुकी है और फिल्म के पास सैटरडे और संडे का दिन है जिसमें फिल्म कुछ कमाल कर सकती है, क्योंकि अगर ऐसा नहीं हुआ तो फिल्म 100 करोड़ के ऊपर कमाई करने के बावजूद फ्लॉप्स में गिनी जा सकती है. स्काई फोर्स ने ऑफिशियल आंकड़ों के मुताबिक, 10 दिन में ही 119.50 करोड़ रुपये का बंपर कलेक्शन किया. इसके बाद सैक्निल्क के मुताबिक, फिल्म ने 11वें दिन 1.6 करोड़, 12वें दिन 1.35 करोड़, 13वें दिन 1.5 करोड़, 14वें दिन 1.1 करोड़ और 15वें दिन सिर्फ 80 लाख कमाकर टोटल 125.85 करोड़ कमाए.

16वें दिन 5:35 बजे तक अपडेटेड आंकड़ों के मुताबिक, फिल्म की कमाई 74 लाख रुपये हो चुकी है. और अभी तक का टोटल कलेक्शन 126.59 करोड़ रुपये हो चुकी है.रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म का टोटल बजट करीब 160 करोड़ रुपये का है. इस हिसाब से फिल्म को बजट तक पहुंचने के लिए करीब 33 करोड़ रुपये की और जरूरत है. आज और कल अगर फिल्म बढ़िया कमाई करती है तो हो सकता है कि फिल्म इसके करीब पहुंच जाए. क्योंकि इसके बाद, लवयापा, देवा, बैडऐस रविकुमार, विदामुयार्ची और थंडेल जैसी फिल्मों की मौजूदगी की वजह से स्काई फोर्स को दर्शक मिलने मुश्किल हो जाएंगे जिससे फिल्म के हिट होने के चांस खत्म हो जाएंगे.

CMYK

# विराट कोहली ने दूसरे वनडे के लिए किया फिटनेस टेस्ट पास

**नई दिल्ली.**

भारतीय क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज की जोरदार शुरुआत की है. टीम इंडिया ने नागपुर में खेले गए पहले वनडे मैच में इंग्लैंड को 4 विकेट से हरा दिया था. इस जीत के बावजूद हर कोई थोड़ा परेशान था क्योंकि स्टार बल्लेबाज विराट कोहली चोट के कारण ये मैच नहीं खेल पाए थे. अब आज सीरीज का दूसरा मैच खेला जाना है और हर कोई यही जानने को बेकरार है कि क्या कोहली अब फिट हैं? या फिर इस मुकाबले से भी वो बाहर ही रहेंगे? तो इस पर भी सस्पेंस अब खत्म हो गया है. टीम इंडिया और विराट कोहली के चाहने वालों के लिए राहत की खबर है क्योंकि विराट दूसरे मैच के लिए पूरी तरह फिट हो चुके हैं और मैदान पर उतरने के लिए तैयार हैं.



कोहली की वापसी के बाद अब एक बड़ा सवाल ये खड़ा हो गया है कि वो प्लेइंग इलेवन में उनके लिए जगह कौन बनाएगा. कोटक ने इस पर कोई भी खुलासा नहीं किया और साफ कह दिया कि ये फैसला कोच और कप्तान का होगा. पिछले मैच में यशस्वी जायसवाल ने अपना डेब्यू किया था और ओपनिंग करने उतरे थे. उस वक्त यही माना जा रहा था कि कोहली की चोट के कारण उनके लिए जगह बनी है लेकिन मैच खत्म होने के बाद श्रेयस अय्यर ने खुलासा किया था कि असल में वो नागपुर वनडे में नहीं खेलने वाले थे लेकिन कोहली की चोट के कारण उनके लिए दरवाजा खुला था. अय्यर ने इस मुकाबले में सिर्फ 30 गेंदों में विस्फोटक अर्धशतक जमाया था. ऐसे में अब उन्हें हटाने की संभावना तो नजर नहीं आती, जिसके चलते युवा ओपनर जायसवाल को ही जगह खाली करनी पड़ेगी.

**घुटने की चोट के कारण हुए थे बाहर**

भारत और इंग्लैंड के बीच ओड़िशा के कटक में रविवार को तीन मैच की वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला जाएगा. इस मैच को लेकर हर किसी की नजर विराट कोहली की फिटनेस पर ही लगी हुई थी. कोहली का पहले मैच से बाहर होना हर किसी के लिए चौंकाने वाला था क्योंकि पिछले 15 साल से भी ज्यादा वक्त से इंटरनेशनल क्रिकेट खेल रहे इस स्टार बल्लेबाज ने अपनी बेहतरीन फिटनेस बनाए रखी थी और इक्का-दुक्का मुकाबले ही मिस किए थे. मगर खराब फॉर्म के साथ ही अचानक घुटने की चोट के कारण उनका पहले मैच से बाहर होना फैंस को परेशान कर गया.

**7 महीनों बाद करेंगे वापसी**

चैंपियंस ट्रॉफी से ठीक पहले उनकी चोट ने चिंता बढ़ा दी थी लेकिन अब ये चिंता कुछ कम हो गई है क्योंकि पूर्व भारतीय कप्तान अब पूरी तरह फिट हैं. दूसरे वनडे मैच से एक दिन पहले शनिवार 8 फरवरी को टीम के बैटिंग कोच सितांशु कोटक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में विराट की फिटनेस पर ये अहम अपडेट दिया. कोच ने बताया कि विराट अब पूरी तरह से फिट हैं और दूसरे मैच के लिए उपलब्ध हैं. यानि दूसरे वनडे में विराट की प्लेइंग इलेवन में वापसी अब तय है. इस मुकाबले के साथ ही विराट 7 महीने बाद पहली बार अपने सबसे मजबूत फॉर्मेट वनडे में खेलते हुए दिखेंगे. चैंपियंस ट्रॉफी से पहले उनके पास तैयारी के लिए ये अच्छा मौका है.

# पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने खिलाड़ियों से भारत को हराने की अपील

नई दिल्ली. चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत 19 फरवरी से होगी. वहीं इस टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान की भिड़ंत 23 फरवरी को होनी है. यानि इस ब्लॉकबस्टर मुकाबले में अभी करीब दो हफ्ते का समय है. लेकिन पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अभी से 'जंग' छेड़ दी है और भारत को हराने की बात करने लगे हैं. उन्होंने लाहौर में मौजूद गद्दाफी स्टेडियम के मरम्मत का काम पूरा होने के बाद इसके उद्घाटन सेरेमनी के दौरान अपने खिलाड़ियों को संबोधित किया. उन्होंने टीम के कप्तान मोहम्मद रिजवान समेत बाकी खिलाड़ियों से भारत को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी पर कब्जा जमाने की अपील की.चैंपियंस ट्रॉफी में पिछली बार

भारत और पाकिस्तान का आमना-सामना 2017 में हुए फाइनल में हुआ था. तब पाकिस्तान ने टीम इंडिया को हराकर ये खिताब जीता था. अब फिर दोनों की भिड़ंत होने वाली है. इससे पहले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अपने खिलाड़ियों से कहा कि सिर्फ चैंपियंस ट्रॉफी को जीतना मकसद नहीं है, बल्कि पड़ोसी देश को भी हराना है.





उन्होंने ये बातें आने वाले टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तानी टीम की जर्सी और गद्दाफी स्टेडियम के उद्घाटन समारोह के दौरान कही.

शहबाज शरीफ ने कहा 'हमारी टीम बहुत ही अच्छी है और पिछले कुछ समय में खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया है. लेकिन अब असली टास्क सामने है और हमारा मकसद ना सिर्फ चैंपियंस ट्रॉफी का टाइटल जीतना है बल्कि दुबई में होने वाले मैच में पड़ोसी देश को भी हराना है. पूरा देश आपके साथ खड़ा है. अगर आप जीतते हैं तो 24 करोड़ आवाम को खुशी होगी.' मौजूदा समय में भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह रिवर्स स्विंग कराने में माहिर हैं. लेकिन उनके चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने पर सस्पेंस है. वहीं भारत और पाकिस्तान के मुकाबलों की बात करें तो इस टूर्नामेंट में पड़ोसी मुल्क का पलड़ा भारी है. आमतौर पर आईसीसी इवेंट्स में टीम इंडिया ज्यादा जीतती है. लेकिन चैंपियंस ट्रॉफी में दोनों टीमों के बीच 5 बार भिड़ंत हुई है, जिसमें भारत को 2 बार और पाकिस्तान को 3 बार जीत नसीब हुई.

# आकाश चोपड़ा ने अफगानिस्तान को चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल का दावेदार बताया

**नई दिल्ली.**

पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने हाल ही में चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए एक बड़ी भविष्यवाणी की थी. उन्होंने बताया था कि भारत और पाकिस्तान के अलावा अफगानिस्तान की टीम भी इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचेगी. वहीं अब भारत के पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने भी ऐसा ही दावा किया है और अफगानिस्तान को बड़ा दावेदार माना है. आकाश का मानना है कि अफगानिस्तान सेमीफाइनल का टिकट कटाएगी. साथ ही आकाश ने भारत समेत अन्य टीमों को चेतावनी देते हुए कहा है कि अफगानिस्तान को हल्के में न लिया जाए.




इस दौरान उन्होंने अफगानिस्तान क्रिकेट टीम पर काफी कुछ कहा. आकाश ने कहा, 'ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड और अफगानिस्तान. आप इसे ग्रुप ऑफ डेथ कह सकते हैं. लेकिन ये वो वाली टीम है, कहते हैं ना हार के जबड़े में से वो जीत को खींचकर ले आते हैं. कान मरोड़ देते हैं हार का और मुकाबला अपने पक्ष में ले जाते हैं. बात मैं कर रहा हूं अफगानिस्तान की और हल्के में मत आंकना इनको. ये वो टीम है जो किसी को कभी भी पछाड़ सकती है. खास तौर से जहां स्पिन चलती है वहां इनका जलवा कुछ अलग ही दिखता है'.

आकाश चोपड़ा ने बताया कि सेमीफाइनल में अफगानिस्तान के पहुंचने की संभावनाएं हैं. उन्होंने कहा, 'टीम के पास स्पिनर्स अच्छे हैं और 40 ओवर तक भी अफगानिस्तान के स्पिनर्स बॉलिंग कर सकते हैं. ऑलराउंडर्स की भी भरमार है. हालांकि बैटिंग में थोड़ी परेशानी हो सकती है.' पूर्व क्रिकेटर के मुताबिक अफगानिस्तान चाहेगी कि 270 से 280 के स्कोर तक के मैच हो. 325 से 350 रन वाली पिचें उनके लिए मुश्किल हो सकती है. उनकी रेंज 250 और 290 के बीच है. यहां इनकी बल्लेबाजी काम कर जाएगी और दूसरी टीम को वो अपनी स्पिन गेंदबाजी के चलते यहां तक नहीं पहुंचने देंगे. ये सबको तंग करेंगे और सेमीफाइनल में जाने के इनके बहुत अच्छे चांस होंगे. अफगानिस्तान पहली बार चैंपियंस ट्रॉफी खेलने जा रही है. अफगानिस्तान को कभी कमजोर टीम माना जाता था लेकिन अब हालात बदल चुके हैं. अफगानिस्तान ने 2023 के वनडे वर्ल्ड कप में इंग्लैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका को धूल चटाई थी जबकि 2024 के टी-20 वर्ल्ड कप में उसने ऑस्ट्रेलिया को शिकस्त दी थी और पहली बार टूर्नामेंट का सेमीफाइनल भी खेला था.

# भारतीय खिलाड़ियों ने पुरी में किया जगन्नाथ मंदिर का दौरा



**नई दिल्ली.**

आज भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा वनडे मुकाबला खेला जाएगा. दोनों टीमें कटक के बाराबती स्टेडियम में आमने-सामने होंगी. वहीं, इससे पहले भारतीय टीम के 3 खिलाड़ियों ने पुरी में जगन्नाथ मंदिर का दौरा किया. इन खिलाड़ियों में वाशिंगटन सुंदर, वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल का नाम शामिल है. तीनों खिलाड़ियों ने पुरी में भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद लिया. शनिवार सुबह वाशिंगटन सुंदर, वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था के बीच पुरी पहुंचे.

वहीं, इसके बाद वाशिंगटन सुंदर ने कहा कि दर्शन करके बहुत अच्छा लग रहा है. इससे पहले पुलिस ने भुवनेश्वर और कटक के बीच खिलाड़ियों की आवाजाही के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम किया. बहरहाल, पुरी में भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद लेने के बाद तीनों खिलाड़ी कटक के लिए रवाना हो गए. बहरहाल, सोशल मीडिया पर तीनों क्रिकेटरों की तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं. इसके अलावा सोशल मीडिया यूजर्स लगातार कमेंट्स कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं.

आज दोनों टीमें कटक के बाराबती स्टेडियम में आमने-सामने होंगी. रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने पहले वनडे मुकाबले में अंग्रेजों को 4 विकेट से हराया था.

# रोहित शर्मा के खराब फॉर्म पर संजय मांजरेकर ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली.**

रोहित शर्मा का खराब फॉर्म बदस्तूर जारी है. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में रोहित शर्मा बुरी तरह फ्लॉप रहे. इसके बाद भारतीय फैंस को उम्मीद थी कि चैंपियंस ट्रॉफी से पहले इंग्लैंड सीरीज में रोहित शर्मा जरूर फॉर्म में वापसी करेंगे, लेकिन पहले वनडे में महज 2 रन बनाकर चलते बने. सोशल मीडिया पर रोहित शर्मा को खूब ट्रोल होना पड़ा. अब पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने रोहित शर्मा पर सवाल उठाए हैं. संजय मांजरेकर ने कहा कि अगर रोहित शर्मा जल्द फॉर्म में नहीं लौटे तो भारतीय टीम की मुश्किलें बढ़नी तय है. संजय मांजरेकर ने कहा कि रोहित शर्मा पर दबाव साफ झलक रहा है. अगर वह



50 ओवर के क्रिकेट में रन नहीं बना पाते हैं तो यह भारतीय टीम के लिए बड़ी परेशानी का सबब है. वह अपने आउट होने के तरीके से निराश होंगे. 50 ओवर के क्रिकेट में भी उन्हें रन बनाने में दिक्कत होती है तो आप में समस्या है. साथ ही उन्होंने कहा मेरा मानना है कि टॉप 3 में बल्लेबाजी करने वाले किसी भी बल्लेबाज के लिए यह फॉर्म में वापसी का सबसे अच्छा फॉर्मेट है.

**'अगर इंग्लैंड वनडे सीरीज में रोहित शर्मा फ्लॉप रहते हैं...'**

संजय मांजरेकर आगे कहते हैं कि अगर इंग्लैंड वनडे सीरीज में रोहित शर्मा फ्लॉप रहते हैं और इसके बाद चैंपियंस ट्रॉफी में रोहित शर्मा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं देखने को मिलता है, तो फिर भारतीय टीम की मुश्किलें बढ़नी तय है. बताते चलें कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में रोहित शर्मा बुरी तरह फ्लॉप रहे थे. उस टेस्ट सीरीज में रोहित शर्मा महज 31 रन बना सके थे. वहीं, अब इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे में फ्लॉप रहे. बहरहाल, यह देखना मजेदार होगा कि इंग्लैंड के खिलाफ आगामी 2 वनडे मैचों में रोहित शर्मा का प्रदर्शन कैसा रहता है।

# इंटरकांटिनेंटल लेजेंड्स चैंपियनशिप ट्रॉफी का दुबई में हुआ अनावरण

**नई दिल्ली.**

दुबई में आयोजित एक भव्य समारोह में इंटरकांटिनेंटल लेजेंड्स चैंपियनशिप ट्रॉफी का अनावरण किया गया। यह एक ऐसा टूर्नामेंट है, जो दुनिया भर के कई क्रिकेट दिग्गजों को एक ही मंच पर लाने का काम करेगा। इंटरकांटिनेंटल लेजेंड्स चैंपियनशिप का पहला सीजन 3 से 12 मार्च 2025 तक देहरादून, उत्तराखंड के राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा, जिसमें अलग-अलग महाद्वीपों से 6 टीमें हिस्सा लेंगी, जिनके नाम अफ्रीका लायंस, अमेरिकन स्ट्राइकर्स, एशियन एवेंजर्स, यूरो ग्लैडीएटर्स, कैरेबियन हरिकेन्स और ट्रांस टाइटन्स हैं। समारोह के दौरान उमेश कुमार, आईएलसी के सीईओ प्रदीप सांगवान, साउथ अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज और आईएलसी के प्रमोटर हर्शेल गिब्स, पूर्व भारतीय क्रिकेटर मुनाफ पटेल और 100 स्पोर्ट्स के संस्थापक रविंद्र भाटी उपस्थित रहे। लीग के बारे में बात करते हुए आईएलसी के सीईओ प्रदीप सांगवान ने कहा कि यह लीग सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं, बल्कि दुनिया भर के खेल प्रेमियों को एक मंच से जोड़ने का माध्यम है। भारत से शुरू होकर दुनियाभर के विभिन्न महाद्वीपों में यात्रा करने वाली यह लीग कई मायनों में खास है। इसका दृष्टिकोण खिलाड़ियों के बीच प्रतिस्पर्धी भावना की एक नई उम्मीद जगाएगा।

चर्चा को आगे बढ़ाते हुए साउथ अफ्रीका के पूर्व धाकड़ बल्लेबाज हर्शेल गिब्स ने कहा कि कि इंटरकांटिनेंटल बाकी लीगों से इसलिए भी अलग है, क्योंकि इसमें कई महाद्वीपों को शामिल किया गया है, और यही बात इसे और भी प्रतिस्पर्धी बनाती है। उन्होंने आगे कहा कि भले ही यह लेजेंड्स क्रिकेट है, लेकिन एक चीज जो खेल से कभी नहीं जाती, वह है प्रतिस्पर्धा और मुझे विश्वास है कि इस लीग में दर्शकों को एक उच्च स्तरीय क्रिकेट देखने को मिलेगा।

इंटरनेशनल मंच पर इस लीग के जरिए क्रिकेट में होने वाले बदलाव पर चर्चा करते हुए उमेश कुमार, जो आईएलसी लीग के सीईओ भी हैं ने कहा कि आज का दिन हमारे लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह लीग हमारे सपने के साकार होने जैसी है, जब हमने इस लीग की योजना बनाई थी, तभी मुझे विश्वास था कि हम एक ऐतिहासिक मंच तैयार कर पाए हैं। मैं उन सभी का आभार व्यक्त करना चाहता हूं, जिन्होंने इस दिन को खास बनाने में हमारा साथ दिया और उत्साह में चार चांद लगा दिए।

# बांग्लादेश प्रीमियर लीग में मैच फिक्सिंग के आरोप, जांच जारी

नई दिल्ली. क्रिकेट में मैच फिक्सिंग और स्पॉट फिक्सिंग जैसे भ्रष्टाचार के कई मामले 2-3 दशकों से कई बार आ चुके हैं. खास तौर पिछले 10-15 साल में लगातार पनप रही नई टी20 लीगों के आने के बाद से तो अक्सर ऐसी शिकायतें आ रही हैं. भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश की टी20 लीग भी इसके लिए बदनाम हो चुकी है और एक बार फिर यहां मैच फिक्सिंग को लेकर बवाल मच गया है. जानकारी के मुताबिक, बांग्लादेश प्रीमियर लीग के हाल ही में खत्म हुए सीजन के दौरान कई मुकाबलों में फिक्सिंग के आरोप लगे हैं, जिसके बाद बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने इसकी जांच शुरू कर दी है. कितने खिलाड़ी, कितनी टीमें और कितने मुकाबले इस जांच के दायरे में हैं, इसके बारे में आपको सब कुछ बताते हैं. बांग्लादेश में पिछले कई साल से बीपीएल का आयोजन हो रहा है और इसमें दुनियाभर के कई बड़े खिलाड़ी खेलते रहे हैं. हालांकि कई बार ये लीग अलग-अलग वजहों से विवादों में भी रही है, जो इस साल काफी ज्यादा रहे हैं. कई विदेशी खिलाड़ियों को पैसों का भुगतान न होना तो लगातार सुर्खियों में रहा लेकिन इससे भी ज्यादा परेशान करने वाला बवाल अब मैच फिक्सिंग के रूप में सामने आया है.

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने हाल ही में अपनी एंटी करप्शन यूनिट के जरिए इन आरोपों की जांच शुरू की. सिर्फ इतना ही नहीं, बोर्ड ने एंटी करप्शन



यूनिट की मदद के लिए एक स्वतंत्र जांच टीम भी बनाई है, ताकि जल्द से जल्द और सही निष्पक्ष तरीके से इन आरोपों की जांच हो सके. बोर्ड ने एंटी करप्शन यूनिट को मिली टिप्स के बाद फिक्सिंग के आरोपों की जांच शुरू की है. अब सवाल ये है कि फिक्सिंग के आरोप में कितने खिलाड़ी, टीमें और मुकाबले आए हैं, जिनकी जांच की जा रही है? रिपोर्ट्स के मुताबिक,एंटी करप्शन यूनिट लीग के मौजूदा सीजन के 8 ऐसे मुकाबलों की जांच कर रही है, जिनमें फिक्सिंग के आरोप लगे हैं. इस मुकाबले 7 में से 4 टीमों के बीच खेले गए थे. ये टीमें हैं- दरबार राजशाही, सिलहट स्ट्राइकर्स, ढाका कैपिटल्स और चिटगांव किंग्स. मुकाबलों की बात करें तो, फॉर्च्यून बरिशल-राजशाही (6 जनवरी), रंगपुर राइडर्स-ढाका (7 जनवरी), ढाका-सिलहट (10 जनवरी), राजशाही-ढाका (12 जनवरी), चिटगांव-सिलहट (13 जनवरी), बरिशल-खुलना टाइगर्स (22 जनवरी), चिटगांव-सिलहट (22 जनवरी) और राजशाही-राइडर्स (23 जनवरी) में फिक्सिंग के आरोप लगे हैं, जिनकी जांच हो रही है.

फिक्सिंग के आरोपों में फंसी चिटगांव किंग्स ने तो 7 फरवरी को टूर्नामेंट का फाइनल भी खेला था, जिसमें उसे हार का सामना करना पड़ा. टीमों और मुकाबलों के बाद बारी आती है खिलाड़ियों की. फिक्सिंग की जांच के दायरे में कुल 10 खिलाड़ी आए हैं, जिसमें से 2

# हिम्मत है तो एक भी सांसद तोड़ के दिखाओ : उद्धव ठाकरे

**मुंबई.**



शिवसेना उबाठा के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने आज मुंबई में पार्टी के नेता और विधान परिषद में नेता विपक्ष अम्बादास दानवे के किताब विमोचन समारोह में 'ऑपरेशन टाइगर' और महाराष्ट्र में महायुती को मिली जीत के मुद्दे पर जमकर हमला बोला। बता दें कि शिवसेना के नेता उदय सामंत ने दावा किया है कि उद्धव ठाकरे की शिवसेना के कई विधायक और सांसद एकनाथ शिंदे की शिवसेना के संपर्क में हैं और जल्द ही पार्टी में एक बड़ी फूट पड़ने वाली है। वहीं, अब उद्धव ठाकरे ने चैलेंज किया है कि कोई उनके एक भी सांसद तो तोड़कर दिखाए।

**उद्धव ने एकनाथ शिंदे को दी चुनौती :** ऑपरेशन टाइगर पर उद्धव ठाकरे ने एकनाथ शिंदे को चुनौती देते हुए कहा- "हिम्मत होगी, मर्द की औलाद होंगे तो मेरा एक भी शिवसैनिक तोड़ के दिखाएं। आज भी सुबह-सुबह ख़बरें फैलायी कि शिवसेना के छह से सात सांसद फुट रहे हैं। हिम्मत है तो फोड़ के दिखाओ। अभी शिवसैनिकों के संयम की परीक्षा मत लो, अभी अगर फूटेगा तो आपका सिर। मैं तो चुनौती दे रहा हूं की हिम्मत है मर्द की औलाद हो तो सरकारी यंत्रणा, पुलिस यंत्रणा, ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स बाजू में रखो और मेरा एक भी शिवसैनिक फोड़ के दिखाओ तो मैं आपका नेतृत्व स्वीकार करूंगा।" उद्धव ठाकरे ने महायुति सरकार पर लाडली बहन योजना को लेकर भी निशाना साधा। उद्धव ने कहा- "लाडली बहन में पांच लाख महिलाओं को अपात्र किया। आप कह रहे हो ना की लाडली बहनों ने वोट दिया, फिर अब उनको क्यूं हटाया। अगर उनको अपात्र कर रहे हो तो उनके जो वोट लिए क्या वह वापस करेंगे?"

**उद्धव ने किया राहुल गांधी का समर्थन :** उद्धव ठाकरे ने राहुल गांधी की आज की प्रेस कॉन्फ्रेंस पर भी बात की। उन्होंने कहा- "आज राहुल गांधी ने फिर कहा कि इतने मतदाता कैसे बढ़े। पाँच महीने में कैसे इतने मतदाता बढ़ सकते है? आज की पीसी में हमने ईवीएम की बात नहीं की पर जो फ़र्जी वोटर आपने घुसाये वह बात हम उठा रहे हैं। उन्होंने क्या किया? लोकसभा चुनाव का अभ्यास किया जिस वार्ड में कम वोट मिले उस वार्ड में यह मतदाता घुसाये। जैसे उन्होंने मेरी पार्टी फोड़ी वैसे ये मेरे देश के लोकतंत्र की इस तरह से हत्या कर रहे हैं।"

# नोएडा एयरपोर्ट से सीधे जा सकेंगे उत्तराखंड, देहरादून-ऋषिकेश

**नोएडा.**



नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने शुक्रवार को घोषणा की कि उत्तराखंड परिवहन निगम के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया है, जिससे एयरपोर्ट से पहाड़ी राज्य के प्रमुख स्थलों तक निर्बाध बस सेवा उपलब्ध हो सकेगी। नोएडा एयरपोर्ट पर इस ग्रीष्मकाल में यात्रियों के लिए उड़ानें शुरू हो जाएंगी। जब एयरपोर्ट पर परिचालन शुरू हो जाएगा तब उत्तराखंड परिवहन निगम, नोएडा एयरपोर्ट को देहरादून, ऋषिकेश, हरिद्वार और हल्द्वानी सहित उत्तराखंड के प्रमुख स्थलों तक निर्बाध बस सेवाएं उपलब्ध कराएगा।

**उत्तराखंड के कई शहरों से बढ़ेगी कनेक्टिविटी :** एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि यह पहल क्षेत्रीय संपर्क बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और इससे यात्री आसानी और सुविधाओं के साथ अपने गंतव्यों तक पहुंच पाएंगे।

उत्तराखंड परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक ने कहा, ''हमें नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी की घोषणा करते हुए गर्व है, जो नोएडा और देहरादून, ऋषिकेश, हरिद्वार और हल्द्वानी जैसे प्रमुख शहरों के बीच क्षेत्रीय संपर्क बढ़ाने की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम है। यह सहयोग हवाई और सड़क परिवहन को निर्बाध रूप से एकीकृत करेगा, जिससे यात्रियों को एक सहज और कुशल यात्रा अनुभव प्राप्त होगा।''

**नोएडा एयरपोर्ट से बुक होंगी टिकट :** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से व्यावसायिक उड़ानों के लिए टिकट बुकिंग सेवा मार्च के बाद से शुरू होने की खबर है। फिलहाल, फरवरी के दूसरे सप्ताह से टिकट बुकिंग सेवा शुरू करने की तैयारी पर ब्रेक लग गया है। क्योंकि, व्यावसायिक उड़ानें शुरू करने के लिए नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (DGCA) से एयरोड्रम लाइसेंस अभी तक नहीं मिला है। लिहाजा, मार्च तक इसका लाइसेंस मिलने की उम्मीद है। लाइसेंस मिलने के बाद ही अंतर्राष्ट्रीय, घरेलू और कार्गो फ्लाइट के लिए टिकट बुकिंग सेवा शुरू हो सकेगी।

# महिला के खिलाफ जबरन वसूली का केस दर्ज

**पंचकूला/शिमला.**



भारतीय जनता पार्टी की हरियाणा यूनिट के अध्यक्ष मोहन लाल बडोली और गायक रॉकी मित्तल पर रेप का आरोप लगाने वाली एक महिला समेत 6 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इन सभी के खिलाफ जबरन वसूली तथा आपराधिक धमकी के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। इससे जुड़े घटनाक्रम में, हिमाचल प्रदेश पुलिस ने बडोली और मित्तल के खिलाफ कथित गैंगरेप मामले में एक अदालत में मामला रद्द करने की रिपोर्ट दायर की।

**आरोपी समेत 18 लोगों के बयान दर्ज किए गए' :** सोलन के एसपी गौरव सिंह ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आरोपों में कोई सच्चाई नहीं पाए जाने और सबूतों के अभाव के कारण हाल में अदालत में रिपोर्ट दायर की गई। अधिकारियों ने कहा कि महिला और आरोपी समेत 18 लोगों के बयान दर्ज किए गए। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता के बयानों में विरोधाभास थे और महिला के दावों के समर्थन में कोई सीसीटीव्ही फुटेज नहीं मिला। हिमाचल पुलिस ने पिछले साल दिसंबर में बडोली और मित्तल के खिलाफ केस दर्ज किया था।

**सितंबर में महिला ने संपर्क किया था' :** महिला ने आरोप लगाया था कि कसौली के एक होटल में उन्होंने उसके साथ रेप किया था। मित्तल की शिकायत पर पंचकूला में पुलिस ने बुधवार को 6 लोगों के खिलाफ जबरन वसूली, आपराधिक धमकी और आपराधिक साजिश समेत विभिन्न आरोपों में केस दर्ज किया। हरियाणा सरकार के स्पेशल पब्लिसिटी सेल के अध्यक्ष रह चुके मित्तल ने कहा कि पिछले साल सितंबर में महिला ने उनसे संपर्क किया था। मित्तल ने पिछले साल सितंबर में महिला शिकायतकर्ता और उसके सहयोगी की कई फोन कॉल का हवाला देते हुए दावा किया कि उन्होंने उन्हें और बडोली को 'हनी ट्रैप' मामले में फंसाने की धमकी दी।

**50 लाख रुपये की मांग की थी' :** मित्तल ने अपनी शिकायत में कहा कि आरोपियों ने गैंगरेप मामले में समझौता करने के लिए 50 लाख रुपये की मांग की थी और हरियाणा बीजेपी अध्यक्ष बडोली से मुलाकात कराने के लिए उन पर दबाव डाला था। मित्तल ने कहा कि उन्होंने मांग पर ध्यान देने से इनकार कर दिया था। उन्होंने कहा कि आरोपी उनके निर्माणाधीन मकान पर भी पहुंचे थे और उन पर वित्तीय धोखाधड़ी का आरोप लगाया था। मित्तल के मुताबिक, आरोपियों ने उन्हें धमकाया जिसके बाद उन्होंने यहां पुलिस में ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई।

# जनता ने केजरीवाल को मुक्त किया, ताकि आराम से जा सकें जेल': स्मृति ईरानी

**नई दिल्ली.**



दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों पर बीजेपी नेता स्मृति ईरानी ने कहा कि संगठन ने बहुत अच्छा काम किया है. उन्होंने कहा, "अरविंद केजरीवाल ने वादा किया था कि वह भारतीय राजनीति में बदलाव लाने के लिए राजनीति में शामिल होंगे, लेकिन वह ऐसा करने में विफल रहे और शराब घोटाले के आरोपी बन गए. केजरीवाल ने बीजेपी और पीएम मोदी के विकास कार्यों का भी विरोध किया. मैं दिल्ली के लोगों को बधाई देता हूं, क्योंकि उन्होंने पीएम मोदी के नेतृत्व और सुशासन में विश्वास दिखाया है."


**जनता ने केजरीवाल को मुक्त किया- स्मृति ईरानी :**

पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा, "भारतीय जनता पार्टी ने नरेंद्र मोदी की गारंटी पर दिल्ली में आज एक इतिहास रचा है.

मैं दिल्ली की जनता का आभार व्यक्त करती हूं, जिन्होंने मोदी की गारंटी पर विश्वास कर बीजेपी को सेवा का मौका दिया. सत्ता के अहंकार में चूर अरविंद केजरीवाल आज हारे हैं. मेरा ये मानना है कि जनता ने उन्हें मुक्त किया है कि वो अपने कुकर्मों के लिए आराम से जेल जा सकें."

# मुरादाबाद में तेज रफ्तार डंपर ने रिटायर्ड शिक्षक को कुचला

**मुरादाबाद.**



उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में तेज रफ्तार से जा रहे एक खनन डंपर ने रिटायर्ड शिक्षक की जान ले ली, जिसके बाद आक्रोशित लोगों ने रोड जाम कर हंगामा किया. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया. मौके पर पहुंचे बीजेपी विधायक सुशांत सिंह, एसपी ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह ने नाराज ग्रामीणों को समझाकर जाम खुलवाया. यह घटना मुरादाबाद के भगतपुर थाना इलाके के दलपतपुर- काशीपुर रोड की है. मुरादाबाद के दलपतपुर- काशीपुर रोड पर लालपुर गांव के सामने एक तेज गति से जा रहे डंपर ने 74 साल के रिटायर्ड शिक्षक ऋषिपाल सिंह को कुचल दिया. इस हादसे में शिक्षक की मौके पर ही मौत हो गई. शिक्षक को कुचलने के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया. इस घटना से नाराज ग्रामीणों ने दलपतपुर-काशीपुर रोड पर जाम लगा दिया. भगतपुर थाना क्षेत्र के लालपुर गांव निवासी रिटायर्ड शिक्षक ऋषिपाल सिंह (74) हादसे के वक्त पैदल ही घर लौट रहे थे. परिजनों ने बताया कि ऋषिपाल सिंह गांव में ही किसी के पास गए थे. रात में करीब 7:30 बजे उन्हें काशीपुर की दिशा से आ रही बजरी भरे डंपर ने कुचल दिया. डंपर की स्पीड इतनी तेज थी कि शिक्षक को कुचलने के बाद वो उसी स्पीड से आगे दौड़ा चला गया. इस घटना का पता चलते ही ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया.

**विधायक ने उठाए गंभीर सवाल :** शिक्षक की मौत के बाद ग्रामीणों ने रोड जाम कर दिया. ग्रामीणों की मांग थी कि इस रोड पर डंपरों का संचालन रोका जाए, करीब 2 घंटे तक ग्रामीणों ने रोड जाम रखा. घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे बीजेपी विधायक सुशांत सिंह ने अधिकारियों से पूछा कि प्रतिबंध के बाद भी डंपर कैसे चल रहे हैं, जबकि पहले से ही डंपरों की आवाजाही इस रोड पर सुबह आठ बजे से रात आठ बजे तक प्रतिबंधित कर दिया गया है. इसके बावजूद ये डंपर इस वक्त यहां कैसे आया? नाराज ग्रामीणों ने जाम लगाकर आरोपी के शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की. घटना स्थल पर पहुंचे एसपी ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह ने सर्किल के सभी थानों से पुलिस बल को मौके पर बुला लिया. कड़ी मशक्कत के बाद परिजनों को समझा बुझा कर पुलिस ने जाम खुलवाया.

# लापता अमेरिकी विमान, 10 लोगों की गई जान



**अलास्का.**

अमेरिका के पश्चिमी अलास्का में नोम शहर जाते समय लापता हुए विमान का मलबा मिल गया है। विमान समुद्री बर्फ पर हादसे का शिकार हुआ था। इस हादसे में विमान में सवार सभी 10 लोगों की मौत हो गई है। यूएस कोस्ट गार्ड के प्रवक्ता माइक सालेर्नो ने जानकारी देते हुए बताया कि बचाव दल ने मलबा खोज लिया है। हेलीकॉप्टर से विमान का मलबा दिखने के बाद बचाव दल को मौके पर भेजा गया। बचाव दल ने पाया कि विमान में सवार सभी लोगों की मौत हो गई है।

**मिला विमान का मलबा:** अलास्का के डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक सेफ्टी के अनुसार, बेरिंग एयर का सिंगल-इंजन टर्बोप्रॉप विमान 9 यात्रियों और एक पायलट के साथ उनालक्लीट से रवाना हुआ था। अलास्का के सबसे पश्चिमी प्रमुख शहर नोम के पास विमान का संपर्क टूट गया था। कोस्ट गार्ड ने कहा कि यह नोम से 30 मील (48 किलोमीटर) दक्षिण-पूर्व में लापता हुआ था। इसके बाद बचाव का काम शुरू किया गया और कुछ घंटों बाद उन्हें विमान का मलबा मिल गया।

**खराब मौसम में विमान ने भरी थी उड़ान :** हादसे के बाद अब इस तरह की जानकारी भी सामने आ रही है कि जब विमान ने उड़ान भरी तो हल्की बर्फबारी और कोहरा था। उड़ान के बाद अधिकारियों का विमान से संपर्क टूट गया था। व्हाइट माउंटेन के अग्निशमन प्रमुख जैक एडम्स ने कहा कि विमान नोम के तट से लेकर टॉपकोक के बीच कहीं रडार से गायब हुआ था।

**विमान से नहीं मिले संकेत :** कोस्ट गार्ड लेफ्टिनेंट कमांडर बेंजामिन मैकइंटायर-कोबल ने कहा कि उन्हें विमान से किसी भी संकट के संकेत की जानकारी नहीं मिली थी। विमानों में एक आपातकालीन लोकेटिंग ट्रांसमीटर होता है। समुद्री जल के संपर्क में आने पर एक मैसेज कोस्ट गार्ड को मिलता है ताकि यह संकेत मिल सके कि विमान संकट में है। उन्होंने कहा कि कोस्ट गार्ड को ऐसे कोई संदेश नहीं मिले थे।

# जालोर में नकली घी बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़

## > मिल्क डेयरी की आड़ में चल रहा था कारोबार

**जालोर.**



जालोर जिले के सांचौर कस्बे में पुलिस ने मिलावटी और नकली घी बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है. पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर 625 पैकेट घी और पिकअप वाहन जब्त किया. नकली घी की बाजार में बिक्री नामी ब्रांड से हो रही थी. पुलिस को सूचना मिली थी कि सिदेश्वर स्थित मोमाई मिल्क डेयरी में नकली घी बनाया जा रहा है. सूचना पर पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद्र यादव ने छापेमार टीम का गठन किया. सांचौर थानाधिकारी देवेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम ने फैक्ट्री पर छापा मारा.छापेमारी के दौरान चार लोग घी का टिन और पैकेट पैक कर रहे थे. जांच के दौरान फैक्ट्री से 500 एमएल का 148 पैकेट, 1 किलो का 30 पैकेट और 200 एमएल का 375 पैकेट नकली घी बरामद किया गया. 15-15 किलो के 72 टिन से भी नकली घी छापेमारी के दौरान मिला. पैकेटों पर बैच नंबर, उत्पादन तिथि और वैधता की कोई जानकारी नहीं थी. पुलिस ने घी के सैंपल लेकर विधि अनुसार जांच शुरू की.घी की गुणवत्ता की पुष्टि के लिए मौके पर सरस डेयरी रानीवाड़ा के सहायक प्रबंधक प्रकाश श्रीवास्तव गुण नियंत्रण अधिकारी और बीसीएमओ डॉ. ओमप्रकाश को बुलाया गया. जांच में पाया गया कि घी मिलावटी और नकली था. मिलावटखोर सरस ब्रांड के नाम से बेचने की तैयारी में तैयारी में थे.

**मिल्क डेयरी की आड़ में चल रहा था धंधा :** पुलिस ने दबिश देकर प्रतापा राम, मनोज, भारमल और चंपतलाल को गिरफ्तार किया है. आरोपियों से कड़ी पूछताछ की जा रही है. पुलिस ने बताया कि मिलावटखोरी के धंधे में शामिल लोगों पर खाद्य सुरक्षा और मानक, व्यापार चिन्ह अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है. मिल्क डेयरी की आड़ में नामी ब्रांड के नकली घी का कारोबार आरोपी कर रहे थे. पुलिस की छापेमार कार्रवाई से मिलावटखोरों में हड़कंप मचा हुआ है.

# आवारा कुत्तों का आतंक, 14 हजार लोगों को बनाया शिकार

**मदुरै.**



तमिलनाडु के मदुरै से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है. शहर में 14,000 से ज्यादा लोग आवारा कुत्तों का शिकार हो गए हैं. हालांकि यह समस्या सिर्फ मदुरै तक सीमित नहीं है, बल्कि तमिलनाडु और पूरे भारत में आवारा कुत्तों के हमले की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं.

मदुरै शहर में हर दिन आवारा कुत्तों के हमलों में वृद्धि देखी जा रही है, जिससे आम जनता का सड़क पर चलना भी मुश्किल हो गया है. पिछले साल के आंकड़ों के अनुसार, मदुरै में आवारा कुत्तों के हमले में 14,000 लोग घायल हुए, जबकि इससे पहले साल यह संख्या 13,000 थी.

**हर साल हो रही है वृद्धि :** नगर निगम प्रशासन के अनुसार, इन घटनाओं में हर साल वृद्धि हो रही है. इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए मदुरै निगम ने दिसंबर में आवारा कुत्तों की गणना कराने का निर्णय लिया था. इसके लिए एक निजी कंपनी को 5.83 लाख रुपये आवंटित करने का आदेश भी जारी किया गया था, लेकिन अब तक इस कार्य की शुरुआत नहीं हो पाई है.

**आवारा कुत्तों की संख्या एक लाख के करीब! :** मदुरै में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है. 2022 की आधिकारिक रिपोर्ट में आवारा कुत्तों की संख्या 53,000 बताई गई थी, लेकिन सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह आंकड़ा सही नहीं है. उनका मानना है कि मदुरै में आवारा कुत्तों की संख्या एक लाख के करीब हो सकती है. शहर की सड़कों पर रात के समय चलना खतरनाक हो गया है, क्योंकि आवारा कुत्तों के झुंड सड़कों पर घूमते रहते हैं और अक्सर लोगों पर हमला कर देते हैं.

**रोकथाम के लिए कोई ठोस योजना लागू नहीं :** मदुरै के पार्षदों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस मुद्दे पर गंभीर कदम उठाने की मांग की है. उनका कहना है कि केवल सटीक आंकड़े प्राप्त होने के बाद ही इस समस्या का सही समाधान किया जा सकता है. इसके अलावा, आवारा कुत्तों के लिए नसबंदी सर्जरी के अलावा अब तक कोई ठोस योजना लागू नहीं की गई है.

# अमेरिका में यौन उत्पीड़न के आरोप में भारतीय नागरिक गिरफ्तार

**न्यूयॉर्क.**

अमेरिका में यौन उत्पीड़न से संबंधित आरोपों के सिलसिले में इमिग्रेशन अधिकारियों ने एक भारतीय नागरिक सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। भारतीय नागरिक जसपाल सिंह को 29 जनवरी को वाशिंगटन के तुकविला में गिरफ्तार किया गया था। अमेरिकी इमिग्रेशन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन विभाग(आईसीई)-सिएटल ने पिछले सप्ताह एक विज्ञप्ति में कहा था कि जसपाल सिंह पर 'यौन उत्पीड़न ' का आरोप लगाया गया है। गिरफ्तार किए गए अन्य व्यक्ति मेक्सिको, ग्वाटेमाला और अल साल्वाडोर के नागरिक हैं।



**गिरफ्तारी के बाद होगी निष्कासन की कार्रवाई :** गिरफ्तारी के बाद अब निष्कासन की कार्रवाई तक सभी चार लोग आईसीई की हिरासत में रहेंगे। आईसीई प्रवर्तन एवं निष्कासन परिचालन सिएटल फील्ड कार्यालय के निदेशक ड्रू बोस्टॉक ने कहा, ''हमारे समुदायों की सुरक्षा करना, आगे और अधिक उत्पीड़न को रोकना प्रशांत उत्तर-पश्चिम में आईसीई के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। ये गिरफ्तारियां इस संदेश को पुष्ट करती हैं कि अवैध आपराधिक तत्वों की मौजूदगी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।''

# स्कूल के हेड मास्टर नशे में टल्ली

## > शराबबंदी वाले बिहार में हेडमास्टर नशे में स्कूल पहुंचे

**मुजफ्फरपुर.**



बिहार में कहने को तो शराबबंदी है लेकिन जो तस्वीर सामने आयी है लगता नहीं है कि बिहार में शराबबंदी है। मुजफ्फरपुर जिला के औराई प्रखंड के राजकीय प्राथमिक विद्यालय विशुनपुर में हेडमास्टर जगदीश नशे में टल्ली होकर स्कूल पहुंचे। हेडमास्टर साहब के नशे में झूमते होने का वीडियो किसी ने बना लिया और वायरल कर दिया। जब लोगों ने हेडमास्टर जगदीश से शराब पीने की बात पूछा तो उन्होंने साफ तौर पर कहा कि मैं छुट्टी पर हूं। अगर हेड मास्टर साहब छुट्टी पर हैं तो फिर बिहार में शराब पीना उनके लिए कोई बड़ी बात नहीं है। किस तरह एक सरकारी स्कूल के हेड मास्टर साहब नशे में टल्ली हैं। हेडमास्टर साहब नशे में धूत होकर स्कूल पहुंचे थे जिसकी भनक वहां के स्थानीय लोगों के साथ-साथ एक छात्र नेता को लग गई। हेड मास्टर साहब के नशे में होने की सूचना जैसे ही लोगों को मिला कुछ लोग हेड मास्टर साहब के पास पहुंच गए और उनसे शराब पीने को लेकर जब सवाल किया गया तो हेड मास्टर साहब ने पल्ला झाड़ते हुए कहा कि मैं तो छुट्टी पर हूं।

**पुलिस के पहुंचते ही फरार हुआ प्रिंसिपल :** स्थानीय लोगों ने पुलिस को मामले की जानकारी दी। पुलिस के पहुचते ही आरोपी शिक्षक स्कूल से फरार हो गए। स्थानीय लोगों का आरोप है कि आरोपी शिक्षक विद्यालय में प्रत्येक दिन शराब पीकर आते हैं। शराब के नशे में बच्चों को परेशान करते हैं। विद्यालय की व्यवस्था को पूरी तरह खराब कर रखा है।

**जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कही ये बात :** मामले को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी अजय सिंह ने बताया कि जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। आपको बता दें कि बिहार में पूर्ण शराबबंदी है बिहार में शराब बेचना और पीना दोनों गैर कानूनी है। अब इस वीडियो के वायरल होने के बाद सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या इस हेड मास्टर के भरोसे बच्चे को अच्छा शिक्षा मिल पाएगी.

# सनातनी विचारों पर चलने वालों की दिल्ली में जीत : नवनीत राणा

**मुंबई.**



दिल्ली चुनाव के परिणाम और रूझान बीजेपी के पक्ष में आने के बाद महाराष्ट्र के नेताओं की भी प्रतिक्रिया सामने आ रही है. बीजेपी नेता नवनीत राणा ने दिल्ली चुनाव में बीजेपी के प्रदर्शन को लेकर पीएम मोदी और राष्ट्रीय राजधानी की जनता को बधाई दी है. साथ ही उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर तंज कसा.

उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि जो सनातनी विचारों पर चलेगा, महाकुंभ पर विश्वास करेगा, जो अपने विचार हिंदुस्तानियों की तरह आगे बढ़ाएगा, उसी का नतीजा इस बार दिल्ली के मतदाताओं ने दिखाया है. जो राम को लाया है, हम उनको लाएंगे और जो राम में विश्वास रखता है, हम उनके साथ खड़े रहेंगे. ये दिल्ली के वोटर्स ने इस बार दिखा दिया है.

**दिल्ली चुनाव में बीजेपी का शानदार प्रदर्शन :** बता दें कि दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर जारी अबतक के रूझानों और नतीजों में बीजेपी भारी बहुमत के साथ दिल्ली में सरकार बनाती हुई नजर आ रही है. वहीं, आम आदमी पार्टी बहुमत से काफी पीछे दिख रही है. अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया जैसे कई बड़े आप नेता चुनाव हार गए. जबकि कांग्रेस का फिर से कोई खाता नहीं खुल पाया है.